हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 21 दिसंबर 2024



# जो दौड़ा नहीं उसे भी मिले अंक, शून्य पाने को दे दिए सात नंबर

## आरक्षक भर्ती मामले में लगातार खुल रही गड़बड़ी की पोल, जद में आएंगे कई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में चल रही पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया के दौरान पाई गई गड़बड़ियों में अब कई नए तथ्य सामने आ रहे हैं। जांच कर रही टीमों ने पाया कि ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने दौड़ में भाग ही नहीं लिया, उन्हें भी अंक दे दिए गए हैं। इसके अलावा शून्य नंबर पाने वाले अभ्यर्थियों को सात अंक दे दिए गए हैं। शुरूआती दौर की जांच में हैदराबाद की जिस टीम को जिम्मेदारी दी गई थी, उनके द्वारा अनियमितता पाए जाने की जानकारी सामने आ रही है।

हालांकि इस मामले में टीम द्वारा हर बिंदुओं को ध्यान में रखते जांच आगे बढ़ाई जा रही है। हैदराबाद की कंपनी के साथ ही स्थानीय पुलिस विभाग के कर्मचारियों की संलिप्तता की जानकारी भी जुटाई जा रही है। इस मामले में प्रदेश स्तर से भी मॉनिटरिंग हो रही है। उल्लेखनीय है कि भर्ती प्रक्रिया के लिए पुलिस मुख्यालय स्तर पर बाहर से टेकनिकल टीम उपलब्ध कराया गया है। जिनके द्वारा इलेक्ट्रानिक डिवाइस, कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा आदि लगाकर डाटा इंट्री एवं टेकनिकल कार्य किया जा रहा है। भर्ती प्रक्रिया में अलग-अलग इवेंट में अलग-अलग टीम बनाकर ड्यूटी लगाकर जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस भर्ती प्रकिया की आंतरिक टीम जब सभी इवेंट के बूथों पर जाकर रेंडम चेकिंग कर रही थी, तब भर्ती प्रक्रिया में ड्यटी पर तैनात कुछ टेकनिकल टीम के सदस्य एवं पुलिस कर्मियों द्वारा गड़बड़ी करने का अंदेशा हुआ, तब इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को दी गई। एसपी द्वारा पुलिस भर्ती के आंतरिक जांच टीम को गड़बड़ी के संबंध में तत्काल साक्ष्य जुटाने हेतु निर्देश दिए गए एवं जरा सा भी गड़बड़ी पायी जाती है तो उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराए जाने हेतु आदेश दिया गया।

### हैदराबाद की कंपनी के साफ्टवेयर की पड़ताल, जब्त मोबाइल से खुलेगा राज

#### बड़े स्तर की जालसाजी

इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने भर्ती प्रक्रिया के डेटा टाइमिंग टेक्नोलॉजी को लेकर गहन अध्ययन कराया। इसमें गड़बड़ी नजर आई। इसके बाद हैदराबाद की कंपनी जो भर्ती प्रक्रिया करवा रही थी, उससे डिटेल मांगा गया। जिसमें कई विसंगतियां मिली। 20 से अधिक प्रतिभागियों का डेटा संदेहास्पद मिला। जिसकी सीसीटीवी फुटेज निकलवाई जा रही है। डेटा ऑपरेटर द्वारा ऐसे मार्क्स की एंट्री की गई, जो कैंडिडेट ने अटेम्प्ट नहीं किया था।



#### इन धाराओं के तहत अपराध दर्ज

एसपी के निर्देश पर इस मामले में थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 568/24 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना किया जा रहा है। साक्ष्य-सबूतों के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी में संलिप्त पाए जाने वाले किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

#### दोबारा नहीं होगा टेस्ट

आईजी दीपक झा ने बताया कि टैक्निकल त्रुटियों में सुधार के लिए काम कराया जा रहा है। इसके अलावा जिन अभ्यर्थियों के अंक गलत दर्ज कर लिए गए हैं, उसमें सुधार कराया जाएगा। किसी भी अभ्यर्थी का दोबारा टेस्ट नहीं होगा, सीसीटीवी फुटेज के जरिये जांच कर अंकों को दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मामले में जांच उपरांत जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आरक्षण के पेंच में उलझे कई वरिष्ठ पार्षद, दूसरे वार्डों में तलाश रहे जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम चुनाव के लिए वार्डों का आरक्षण हो जाने के बाद अब अपने-अपने वार्डों में वर्षों से पार्षद रहे कई वरिष्ठ पार्षद उलझन में फंस गए हैं। कांग्रेस और भाजपा के मिलाकर करीबन दर्जनभर पार्षद ऐसे हैं, जिन्हें या तो दूसरे वार्ड से चुनाव लड़ना होगा या फिर अपने परिवार से किसी महिला को चुनावी मैदान में उतारना होगा।

ज्ञात हो कि नगर निगम में वार्डों के आरक्षण को लेकर भाजपा एवं कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं की पैनी नजर बनी हुई थी। कई वार्डों में भाजपा एवं कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद काफी समय से अपने-अपने वार्ड में पार्षद की भूमिका निभाते आ रहे हैं। हाल ही में नगर निगम क्षेत्र के 51 वार्डों का आरक्षण नए सिरे से किया गया। जिससे कई वरिष्ठ पार्षद उलझन में आ गए हैं। आलम यह है कि उन्हें अन्य वार्डों की ओर चुनाव लड़ने रूख करना पड़ सकता है। हालांकि इसकी स्थिति चुनाव समीप आने पर ही स्पष्ट हो पाएगी। कुछ वार्ड ऐसे हैं, जहां वर्तमान में पुरूष वर्ग से पार्षद हैं, जो महिलाओं के लिए आरक्षित हो गया है। वहीं कई वार्डों में आरक्षण के बाद स्थिति बदली हुई है।




#### दूसरे वार्डों का करेंगे रूख

जानकारी अनुसार कांग्रेस से वरिष्ठ पार्षदों में मधुकर बंजारे, संतोष पिल्ले, विनय झा, अमीन हुद्दा, गणेश पवार सहित अन्य पार्षदों के वार्डों में आरक्षण में परिवर्तन हुए हैं। इसी तरह भाजपा से वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, पारस वर्मा, किशुन यदु, शरद सिन्हा, गप्पू सोनकर सहित अन्य पार्षद के वार्ड आरक्षित हो जाने से अब उनके सामने अपनी दावेदारी को लेकर उलझन की स्थिति निर्मित हो गई है। यही स्थिति उन वार्डों की है, जहां से वर्तमान में महिला पार्षद है। उनके वार्ड में भी बदलाव के बाद उन्हें भी अपनी दावेदारी के लिए चिंता सताने लगी है। माना जा रहा है कि कई वरिष्ठ पार्षद दूसरे वार्डों में अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं।

# ताश पत्ती से खेल रहे थे जुआ पुलिस की दबिश, पांच पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक लॉज के पीछे खाली जगह में एकत्र होकर कुछ लोग रुपए-पैसे की जीत का खेल जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी और जुआ खेलने के पांच आरोपियों को पकडा। जिनके पास से नगदी रकम 12050 रुपए एवं ताश पत्ती जब्त की गई है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार 20 दिसंबर को थाना डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग न्यू दिल्ली लॉज के पीछे खाली जगह में रुपए-पैसे का दांव लगाकर ताश पत्ती से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके के लिए रवाना हुई। गठित टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर न्यू दिल्ली लॉज के पीछे खाली जगह में 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे आरोपी गुरदीप सिंग भाटिया 39 साल निवासी राधिका नगर, हरमीत सिंग भाटिया 46 साल निवासी बुधवारी पारा, इन्द्ररजीत सिंग भाटिया 59 साल निवासी बुधवारी पारा एवं तरूण टेम्भुरकर 35 साल निवासी राजीव नगर को पकड़ा।

**नगदी व ताश पत्ती जब्त** : पुलिस के अनुसार रेड कार्रवाई के दौरान मौके से नगदी रकम 12050 रुपए एवं 52 पत्ती ताश को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध छग जुआ प्रति. अधि. 2022 की धारा- 3 एवं 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)
हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## खबर संक्षेप

### सेवा योजना से मिली नई जिंदगी

**मोहला।** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सेवा योजना ने रामचंद्र को नया जीवन दिया है। ग्राम पंचायत पंडरीतराई निवासी रामचंद्र ने बताया कि वह थायराइड से पीड़ित था। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण वह उपचार कराने में समर्थ नहीं था। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सेवा योजना अंतर्गत राशि की स्वीकृति होने पर उपचार कराकर वह अब ठीक हो गया है। शासन से मिली सहायता राशि से उसका उपचार एमएमआई नारायणा मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल रायपुर में हुआ।

### युवाओं को किया जाएगा प्रशिक्षित

**मोहला।** उद्यमिता की चाहत रखने वाले अनुसूचित जाति एवं जनजाति के युवाओं से 25 दिसंबर तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में आवेदन आमंत्रित किया गया है। चयनित युवाओं को भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर में प्रशिक्षित किया जाएगा। युवाओं को 3 महीने का सर्टिफिकेट प्रोग्राम गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### विज्ञान क्विज आयोजित

**मोहला।** विज्ञान अनुसंधान यात्रा अंतर्गत एससीईआरटी रायपुर के तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय की बालिकाओं ने हिस्सा लिया। जिला स्तर पर इस प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली दो बालिकाओं को विज्ञान अनुसंधान यात्रा अंतर्गत भ्रमण का अवसर मिलेगा। नोडल अधिकारी कौशल किशोर वर्मा ने बताया कि विज्ञान क्विज में माधवी शांडिल्य एवं घृतांजलि ध्रुव ने प्रथम, खुशी एवं भूमिका ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन जसवंत मांडवी के मार्गदर्शन में किया गया। विजेता प्रतिभागियों को बीईओ राजेंद्र कुमार देवांगन ने प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

### पटेवा में सत्संग 4 जनवरी से



**पटेवा।** पटेवा में कबीर सत्संग समिति, अमीन महिला मंडल, नवयुवक मंडल एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में त्रिदिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन आगामी 4 से 6 जनवरी तक किया गया है। 4 एवं 5 जनवरी को गुरु महिमा पाठ एवं भजन सत्संग समारोह, 6 जनवरी को शोभा यात्रा, सत्संग समारोह, सात्विक चौका आरती का कार्यक्रम रखा गया है। प्रवचनकर्ता महंत ओहंग दास साहेब हड़ुवा भजन मंडली के साथ शामिल होंगे।

### कबीर सत्संग समारोह आज से

**पटेवा।** इरईकला में त्रिदिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में कल 21 से 23 दिसंबर तक किया गया है। प्रमुख वक्ता के रुप में संत प्रेम साहेब बनारस, सह प्रवक्ता घनश्याम साहेब मंदरौद, संत श्री अचल साहेब करखड़ी, संत रविकर साहेब एवं अन्य संत, साध्वी शामिल होंगे। प्रवचन एवं भजन 10.30 से 1 बजे एवं दोपहर 2.30 से 5 बजे तक होगा। हिरेन्द्र साहू एवं संत ओंकार साहेब ने लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### टमाटर की आवक घटी, दाम बढ़े

**सड़क अतरिया।** मौसम में बदलाव के साथ टमाटर की आवक और दाम में परिवर्तन देखने मिल रहा है। आवक में कमी होने के बाद टमाटर के दाम बढ़ गए है। बीते सप्ताह टमाटर के थोक दाम में गिरावट देखने मिला था। सात सौ रूपये के आसपास बिकने वाले टमाटर के दाम घटकर प्रति कैरेट 250 रूपए आ गए थे। शुक्रवार को इसकी कीमत में बदलाव आया और दर साढ़े पांच सौ से छह सौ रूपए प्रति कैरेट दर तक पहुंच गई।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव आज

**डोंगरगढ़।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन कल 21 दिसम्बर को पीएमश्री नवोदय विद्यालय में किया गया है। उत्सव प्रातः 10 बजे आरंभ होगा। इसमे शामिल होने वालों को वाद्य यंत्र स्वयं लाना होगा। इस दौरान लोक नृत्य, लोक गीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोक गीत, कहानी लेखन, वक्तृत्व कला, चित्रकला, कविता, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प प्रतियोगिता होगी। यह जानकारी नोडल अधिकारी देवेन्द्र अम्बादे ने दी।

### पालिका कर्मियों की हड़ताल समाप्त

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका के कर्मचारियों हड़ताल समाप्त कर काम पर लौट आए है। यह कर्मचारी छह सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर गए थे। पता चला है कि शासन ने कुछ शर्तों पर उनकी मांगों को पूरा करने की बात कहा है जिसके बाद हड़ताल समाप्त हो गई है। हड़ताल समाप्त होने के बाद सफाई व्यवस्था, पानी की किल्लत से लोगों को मुक्ति मिली है किन्तु सफाई व्यवस्था को सुधारने को लेकर पालिका अभी भी गंभीर नहीं है। कई वार्डों में फैले कचरे का अब तक उठाव नहीं हुआ है।

### ओबीसी को मिले पूरा आरक्षण

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य के लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ नहीं मिलने पर आपत्ति जताया है। उन्होंने कहा अधिसूचना के अनुसार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का आरक्षण कुल 50 प्रतिशत होता है तो ओबीसी वर्ग को आरक्षण नहीं मिलेगा। सरकार की यह नीति ओबीसी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करती है, साथ ही उन्हे राजनीतिक, सामाजिक, और आर्थिक प्रतिनिधित्व के मौके से वंचित करती है। उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग को न्यूनतम 27 आरक्षण मिलना चाहिए। उन्होंने ओबीसी वर्ग के आरक्षण प्रतिशत पर असंतोष जताते हुए सरकार से आग्रह किया कि ओबीसी वर्ग को न्यायसंगत आरक्षण देना सुनिश्चित करे।

### पुलिस ने बच्चों को किया जागरूक

**बांधाबाजार।** मोहला ब्लाक के आलकन्हार संकुल के स्कूल में पुलिस ने जागरूकता अभियान का आयोजन किया। पुलिस ने विद्यार्थियों को अधिकार, साइबर क्राईम, यातायात सुरक्षा, पास्को एक्ट आदि ने अवगत कराया। गुड टच- बेड टच, बाल श्रम, मानव तस्करी आदि की जानकारी देकर आसपास गलत होने पर चुप न रहने कहा गया। टी आई टोप्पो ने यातायात नियमों, अपराधों, ठगों की जानकारी लगने पर 1930 पर काल करने प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल चापाटोला, मरारटोला के बच्चे, प्राचार्य गौरीशंकर साहू, पीएल देशमुख, जितेंद्र पटेल, हीरालाल आर्य, विनोद सिन्हा, महेश रावटे आदि शामिल हुए।

### वार्षिक कैलेंडर का विमोचन



**डोंगरगांव।** त्तीसगढ़ शिक्षक एसोसिएशन संघ ब्लॉक डोंगरगांव के पदाधिकारियों ने वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। विमोचन के दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी उपस्थित थे। इस मौके पर गिरीश हिरवानी, किशन देशमुख, महेश ठाकुर, दीपिका साहू, शशि ठाकुर, मिताली कटकवार, विरेंद्र पटेल, घनश्याम साहू, मोहन मंडावी, पन्नालाल साहू, केवल राम साहू, रूपेंद्र देवांगन, गेंदलाल डहरे, माखन रात्रे, श्रवण डहरे, सुदामा साहू, गीतांजली साहू, देवेश देशलहरे, रोहित तारम, नूतन हिरवानी, राकेश नेताम, महादेव वाल्दे मौजूद थे।

### पालिका क्षेत्र में शुरू होने लगी चुनावी हलचल

# आरक्षण से बिगड़ा समीकरण नई जमीन की तलाश में नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पालिका के 24 वार्डों का आरक्षण गुरूवार को राजनांदगांव में संपन्न हुआ। आरक्षण के साथ ही चुनाव में हिस्सा लेने का सपना संजो रहे लोगों का पूरा समीकरण उलटपलट हो गया है। वहीं कुछ दिग्गज नेताओं के क्षेत्र को नए समीकरण बन गए है।

वार्ड के आरक्षण के बाद लोगों का अब अध्यक्ष पद के आरक्षण प्रक्रिया के पूरा होने का इंतजार है। वार्ड के आरक्षण ने भाजपा एवं कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों का समीकरण बिगाड़ दिया है। अब राजनीतिक दलों और दावेदारों को नए सिरे से जमीन तलाश करना पड़ेगा।

### लोगों को अध्यक्ष के आरक्षण का इंतजार

अनुसुचित जाति के लिए 5, अनुसूचित जनजाति के लिए 2, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 5 वार्ड आरक्षित किए गए है। अनारक्षित वार्ड 12 हैं। 8 वार्ड महिलाओं के लिए रिजर्व है, जिसमें सामान्य के लिए 3, अनुसुचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 2-2 एवं अनुसुचित जनजाति के लिए 1 वार्ड आरक्षित किया गया है। जानकारी के अनुसार वार्ड 1 को ओबीसी महिला, वार्ड 2 एससी मुक्त, वार्ड 3 सामान्य मुक्त, वार्ड 4 सामान्य मुक्त, वार्ड 5 एससी महिला, वार्ड 6 सामान्य मुक्त, वार्ड 7 एसटी मुक्त, वार्ड 8 सामान्य मुक्त, वार्ड 9 एससी मुक्त, वार्ड 10 एससी मुक्त, वार्ड 11 सामान्य मुक्त, वार्ड 12 सामान्य मुक्त, वार्ड 13 सामान्य मुक्त, वार्ड 14 एससी मुक्त, वार्ड 15 सामान्य मुक्त, वार्ड 16 सामान्य मुक्त, वार्ड 17 सामान्य मुक्त, वार्ड 18 सामान्य महिला, वार्ड 19 सामान्य मुक्त, वार्ड 20 सामान्य मुक्त, वार्ड 21 एसटी महिला, वार्ड 22 ओबीसी मुक्त, वार्ड 23 ओबीसी मुक्त और वार्ड 24 ओबीसी महिला के लिए आरक्षित हुआ है। अध्यक्ष के आरक्षण का इंतजारवार्ड आरक्षण के बाद चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों के अलावा आमजनों को अब अध्यक्ष पद के आरक्षण प्रक्रिया और चुनाव तिथि के घोषित होने का इंतजार है। संभावना है कि जनवरी में पालिका के चुनाव हो सकते हैं। इस चुनाव में 25567 मतदाता अपने मत का उपयोग करेंगे। आरक्षण प्रक्रिया के बाद भाजपा एवं कांग्रेस में सक्रियता अब बढ़ेगी।




# वनांचल में मिले शेर के पदचिन्ह, दहशत

- वन टीम ने निरीक्षण कर किया पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



उपवन मंडल अंतर्गत आने वाले वनांचल में शेर की दस्तक से दहशत का माहौल है। महाराष्ट्र मार्ग से लगे वनांचल के बाद डोंगरगढ़ विकासखंड और खैरागढ़ ब्लाक के आसपास शेर और उसके पदचिन्हों को देखा गया है। शेर के पदचिन्हों की पुष्टि वन विभाग की टीम ने किया है। पिछले कुल साल से वनांचल के साथ शहर से लगे गांव, बम्लेश्वरी पहाड़े में तेंदूआ, कोटरी, हिरण, भालू, नीलगाय आदि आते रहे हैं। जानकारी के अनुसार वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी के साथ प्राकृतिक शोध एवं संरक्षण कमेटी के अधिकारियों ने डंगोरा बांध, ढारा बांध, कोहकट्टा बांध क्षेत्र में बाघ के पैरों के निषान होने की

### कुलदेवी लक्ष्मी की होगी रोज पूजा



**डोंगरगढ़।** स्थानीय अग्रवाल समाज ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापना के साथ कुलदेवी माता लक्ष्मी की प्रतिमा का अनावरण कर रोजाना पूजा आरती की शुरूवात की है। अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों ने युवा पीढ़ी को सामाजिक गतिविधियों से जोड़कर संस्थापक महाराजा अग्रसेन एवं कुलदेवी माता लक्ष्मी के प्रति आस्था जगाने का प्रयास शुरू किया है। समाज के पदाधिकारियों ने अग्रसेन चौक में स्थापित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का हर गुरूवार अभिषेक पूजन करने की शुरूवात की है।

# महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर महिला बाल विकास विभाग ने यहां विविध कार्यक्रम आयोजित किए। पंचायत भवन में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच फूलमती वर्मा थी। अध्यक्षता जनपद सदस्य दिलीप पटेल ने किया।

परियोजना अधिकारी विमला शर्मा ने विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के विकास के लिए चलाया जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत 26 हजार 700 महिलाओं को महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्रतिमाह एक हजार मिल रहा है। सरपंच फूलमती वर्मा ने महतारी वंदन योजना की तारीफ करते हुए कहा कि महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं से महिलाओं एवं बच्चों का जीवन स्तर सुदृढ़ होगा। जनपद सदस्य दिलीप पटेल ने योजनाओं को लाभकारी बताया। इस मौके पर गोद भराई, कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। इस मौके पर दिशा शिंदे, इंदु टंडन, समीक्षा जैन, अर्पणा श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस आज देगी धरना

**गंडई पंडरिया।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कल 21 दिसंबर को जायसवाल काम्प्लेक्स में बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक के बाद कांग्रेसजनों ने मेन चौक में जिला अस्पताल की मांग को लेकर धरना देंगे। विधायक यशोदा वर्मा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे के मार्गदर्शन में आयोजित धरना में युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, पदाधिकारी, अनुसुचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ, किसान कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, निर्वाचित जनप्रतिनिधि आदि शामिल होंगे।

### व्हालीबाल स्पर्धा आज से

**गंडई पंडरिया।** गंडई में फ्लट लाईट व्हालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन सारंग स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान और शहीद निकेश यादव की स्मृति में किया गया है। यह प्रतियोगिता पुरो तहसील आफिस मैदान में होगी। स्पर्धा में 15 टीम भाग लेंगी। स्पर्धा का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन के आतिथ्य में होगा। पुरस्कार वितरण एसपी त्रिलोक बंसल एवं डीएफओ आलोक तिवारी की मौजूदगी में होगा। विजेता टीम को शहीद निकेश यादव की स्मृति में 21 हजार एवं द्वितीय टीम को 15 हजार दिया जाएगा।

# छात्रों ने मेला में बेची खाद्य सामग्री

### कारोबारी जानकारी देने कॉलेज में हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय में संस्था प्रमुख डॉ. सुषमा चौरे के निर्देशन एवं डॉ राजेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग ने व्यापार मेले का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेश्वर ध्रुर्वे थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. श्रीमती चौरे ने की। विशिष्ट अतिथि संजय सिन्हा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ रिबन काटकर किया गया। जनभागीदारी अध्यक्ष ने कहा कि कोई भी काम छोटा नहीं होता। कुछ हासिल करने की ललक हो तो हर क्षेत्र में सफलता हासिल किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि श्री सिन्हा ने आयोजन के लिए महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया। प्राचार्य डॉ. चौरे ने बताया कि विगत वर्षों में व्यापार मेले से विद्यार्थी आत्मनिर्भर हुए है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि नैतिक एवं उचित धनोपार्जन हेतु अवसर की प्रतिक्षा न करते हुए अवसर का निर्माण करने हेतु जोखीम उठाने के साहस को विकसित करना ही इसका उद्देश्य है। मेला में विद्यार्थियों ने कुशल उद्यमिता का परिचय देते हुए परंपरागत खान पान के साथ ही नवीन एवं विदेशी व्ययंजनों का विक्रय किया। इस दौरान खेलकुद एवं प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। संचालन डॉ एचएस भाटिया ने किया। इस मौके पर उष्यंत कुमार, नरेन्द्र उमरिया, विनय चौरे, दीपिका ध्रुर्वे, प्रीतिबाला ठाकुर, चैतराम यादव, रुपलाल देवांगन,गौंदलाल सोनकर, राजहंस अंबादे, इंदिरा इंदू, महेश्वरी साहू, योगेश साहू, मेघनाथ तारक, आनंद रामटेके, मंशाराम चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

### डीगेश्वरी हिस्सा लेगी नेशनल स्पर्धा में



**बांधाबाजार।** हायर सेकेंडरी स्कूल गैंदाटोला की छात्रा डीगेश्वरी निषाद का चयन नेशनल खो खो स्पर्धा के लिए हुआ है। कक्षा नवमी की छात्रा डीगेश्वरी अयोध्या में आयोजित होने वाली स्पर्धा में छत्तीसगढ़ टीम से खेलेगी। वह तीन वर्षो से खो- खो में शामिल होते आ रही है। भारत खो-खो क्लब मातेखेडा के भारत कोटेलकर उसे प्रतिदिन दो घंटे अभ्यास कराते हैं। प्रिंसपल व्हीके मंडलोई, अखिलेश खरे, ब्रम्हा देवांगन, श्री भावरे आदि ने उसे बधाई दी है।

### आज अखण्ड जप, कल यज्ञ

**डोंगरगांव।** गायत्री शक्तिपीठ के वार्षिक उत्सव अवसर पर कल 21 दिसंबर से दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कल शनिवार को 12 घंटे का अखण्ड जप तथा दूसरे दिन पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, संस्कार तथा श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया है। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ की स्थापना दिवस पर हर साल कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। यज्ञ व पूर्णाहूति के बाद गायत्री शक्तिपीठ की संस्थापिका यशोदा महोबिया की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया है।

# आज होगी रन डोंगरगांव मैराथन



**डोंगरगांव।** मॉर्निंग यूथ क्लब ने कल 21 दिसंबर को रन डोंगरगांव मैराथन का आयोजन रखा है। पंजीयन सुबह सुबह 6 बजे से किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को निःशुल्क टी शर्ट दिया जाएगा। बीटीआई मैदान से सुबह 7 बजे मैराथन दौड़ प्रारंभ होगी जो बड़गांव से जामसरार, किला डोंगरी होते हुए शनि मंदिर से मेन रोड़ से पुराने बस स्टैंड पहुंचेगी जहां इसका समापन होगा। विनर प्रतिभागी को क्रमशः 11001, 5001 तथा विनर शील्ड, मेडल एवं गिफ्ट दिया जाएगा। प्रथम दो प्रतिभागी को जगन्नाथ पुरी यात्रा का मुफ्त टिकट दिया जाएगा। शेष प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और गिफ्ट हैंपर दिया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य प्रफुल्ल जैन, लोकेश यदु, दुष्यंत वैष्णव, गोविंदा राजपूत, नवनीत अहीर, लक्ष्मीनारायण सेन, सौरभ ठाकुर आदि ने सभी से मैराथन में शामिल होने का आव्हान किया है।

### बुद्ध विहार में मनाया बाबा की जयंती



**डोंगरगढ़।** आदर्श बौद्ध महासभा में गुरु घासीदास जयंती मनाया गया। इस अवसर पर भिक्खुनी माता जी ने दीप प्रज्जलित कर माल्यार्पण किया। इस दौरान अमिताभ ढुफारे, अनिल लांडगे , दीपक ऊके, अनिता इंदुरकर, किरण मेश्राम, चांदनी सहारे आदि ने गुरु घासीदास के जीवन और समाज उत्थान के लिए किए कार्यों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिश्स।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खपरी में कबड्डी स्पर्धा आज

**पटेवा।** ग्राम खपरी में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कल 21 दिसंबर को किया गया है। स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 3001 रुपए जनपद सदस्य गीतालाल वर्मा, द्वितीय पुरस्कार 2001 रुपए शिक्षक मोरजध्वज साहू एवं अजय साहू, तृतीय पुरस्कार 1501 रुपए आयोजक समिति, चतुर्थ पुरस्कार1001 रूपए जसवंत लाल साहू की ओर से दिया जाएगा। ग्राम में 22 दिसंबर को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में नवा किरण नाच पार्टी भण्डारपुर का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी हिरेन्द्र साहू ने दी।

### मोटर साइकिल की ठोकर से बुजुर्ग घायल



**सड़क अतरिया।** दो जिले को जोडने वाले मार्ग में दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को दो पहिया वाहन की ठोकर से एक बुजुर्ग घायल हो गया। जानकारी अनुसार कुंजलाल जंघेल अपने घर जा रहा था इसी दौरान मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 08 एन 6147 ने उसे ठोकर मार दिया, जिससे बुजुर्ग घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बुजुर्ग एवं मोटर साइकिल सवार को गंड़ई चिकित्सालय ले गई। बुजुर्ग के सिर पर चोट लगने से उसे जिला चिकित्सालय रिफर किया गया।

### आनंद बने नर्मदा भाजपा मंडल के अध्यक्ष



**सड़क अतरिया।** जिला भाजपा ने नर्मदा को नया मंडल बनाया है। अध्यक्ष के लिए गत दिनों आयोजित बैठक में 6 लोगों ने अपनी दावेदारी पेश किया था। शुक्रवार को निर्वाचन अधिकारी तीरथ चंदेल, विकेश गुप्ता की उपस्थिति में अध्यक्ष की घोषणा किया गया। बंद लिफाफा खोला कर अध्यक्ष के लिए आनंद पटेल का नाम घोषित किया गया। घोषणा के बाद कार्यकर्ता ने अध्यक्ष को बधाई देते हुए जमकर आतिशबाजी किया। इस मौके पर खम्हन ताम्रकार, सुधीर गोलछा, रोशन जंघेल, प्रकाश, खेलन वर्मा, रमेश जंघेल, अनुज साहू, मिथलेश जैन, शिव पटेल, सौरभ सिन्हा, डोमारसिंह भेडिया, प्रकाश वर्मा, सुरेन्द्र जंघेल, ज्योति जंघेल, केशलाल मंडावी, डेरहालाल मसखरे, गेंदलाल जंघेल. विशंभर पटेल, दिवाकर सोनी, शिवलाल धुर्वे, जयकरण जंघेल, मिनेश जंघेल, रामस्वरूप, गजेन्द्र, अमर सेन, मिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

### पशु चिकित्सा शिविर, भूमिदान दाता सम्मानित



**खैरागढ़।** साय सरकार के सुशासन के एक साल पूरा होने पर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में जनादेश परब कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पशुधन विकास विभाग द्वारा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन श्री गोपाल गोवर्धन गौशाला अमलीडीहकला में किया गया। जहॉ गौ पूजन बाद गौ उत्पाद केंचुआ खाद, गोमूत्र अर्क से संबंधी प्रदर्शनी लगाई गई। शिविर मे संगोष्ठी कार्यक्रम दौरान उपस्थित किसानो को को गौ चारा पैरा नहीं जलाने, खेतों में गोबर खाद का उपयोग करने जागरूक किया गया। इसके अलावा 12 गांव सेवकों, 14 भूमिदान दाताओं को सम्मानित किया गया इसके अलावा 233 गायों का टीकाकरण किया गया।

## 15 दिनों की माथापच्ची एवं रायशुमारी के बाद सूची जारी


# सात मंडलों के नए भाजपाध्यक्षों की सूची जारी, गंडई में मामला अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बाजार अतरिया मंडल के नए नाम से अस्तित्व में आए खैरागढ़ ग्रामीण भाजपा मंडल की कमान देवकुमार सेन संभालेंगे जबकि खैरागढ़ की कमान दिनेश वर्मा को सौंपी गई है।

लगभग पंद्रह दिनों की माथापच्ची बाद दावेदारों की अंतिम सूची में रायशुमारी सहित तमाम निर्धारित अर्हताओं को ध्यान में रखते हुए साल्हेवारा मंडल में शत्रुहन साहू, छुईखदान मंडल में भावेश कोचर, नर्मदा मंडल में आनंद पटेल, ठेलकाडीह मंडल में भोजराम बंजारे और पांडादाह मंडल में गोरेलाल वर्मा की मंडल अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी हुई है जबकि अपरिहार्य कारणों से गंडई मंडल अध्यक्ष के नाम की घोषणा नही की गई है। जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू ने बताया कि मंडलवार रायशुमारी पश्चात जिला भाजपा कोर कमेटी ने तीन-तीन का पैनल बनाकर भेजा था जिसमें प्रदेश भाजपा कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी पूर्व सांसद चंद्रलाल साहू द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह, जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी टीके चंदेल, विरेन्द्र जैन की उपस्थिति में सात मंडलो के निर्वाचन अधिकारियो को प्रदेश से मिले बंद लिफाफे को मंडल में जाकर कार्यकर्ताओं के बीच खोलने का निर्देश दिया गया था।

देर शाम सभी मंडल प्रभारियों ने कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाकर लिफाफा खोलकर मंडल अध्यक्षों के नाम की जानकारी दी। जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को बधाई दी है।



### महामंत्रियों को मिली कमान

नए मंडल अध्यक्षों के रूप में संगठन में महामंत्री का दायित्व निर्वहन करने वाले देवकुमार सेन को बाजार अतरिया, गोरलाल वर्मा को पांडादाह, साल्हेवारा में शत्रुहन साहू और भोवश कोचर को छुईखदान मंडल अध्यक्ष के रूप में नई जिम्मेदारी मिली है। वही पता चला है कि गंडई मंडल से बनाकर भेजे गए पैनल के तीन नाम टुम्मन साहू, राकेश ठाकुर और दूजेराम वर्मा के बीच पेंच फंस गया है जिसके चलते वहॉ नाम की घोषणा नही की गई है संभावना है कि दो तीन दिन के भीतर गंडई मंडल में भी नए अध्यक्ष के नाम पर मुहर लग जाएगी।

### लंबी प्रक्रिया बाद नए नियमों के तहत हुई घोषणा

मंडल अध्यक्ष के लिए निर्धारित आयु सीमा 45 वर्ष को ध्यान में रखते हुए मंडलवार चुनाव प्रभारियों ने पहले बैठक आयोजित कर पैनल बनाकर नाम जिला निर्वाचन अधिकारी के पास भेजा, खैरागढ़ से सिंगल नाम अमलीडीह सरपंच दिनेश वर्मा और बाजार अतरिया मंडल के लिए देवकुमार सेन का नाम भेजा गया जबकि अन्य छै मंडलों से मंडल में निवासरत सांसद, पदाधिकारी, विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, महिला मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक,जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद भाजपा प्रदेश पदाधिकारी समेत 19 कैटेगरी के लोगों की रायशुमारी बाद तीन-तीन नामों का पैनल बनाकर प्रदेश कार्यालय भेजा गया था।

# मसाला एवं सुगंधित पौधों की खेती का दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र छुईखदान में औषधीय, सुगंधित पौध एवं अकाष्ठीय वनोपज, सुपारी एवं मसाला विकास निदेशालय के तत्वावधान में मसाला एवं सुगंधित पौधों के उत्पादन एवं प्रसंस्करण पर कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के लगभग 200 कृषकों को मसाला एवं सुगंधित पौधों की उत्पादन तकनीक एवं प्रसंस्करण की जानकारी दी गई। पहले दिन किसानों को डॉ. पीके जोशी, परियोजना प्रभारी अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, अधिष्ठाता डॉ. आलोक तिवारी, उपसंचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, सहायक संचालक उद्यान रविन्द्र मेहरा, डॉ. अविनाश गुप्ता, डॉ. बीएस असाटी ने उपयोगी जानकारी दी। इसी कड़ी में दूसरे दिन डॉ. श्रीकांत सवरगांवकर, डॉ. बीएस असाटी, डॉ. अविनाश गुप्ता, डॉ पीके जोशी, डॉ एसएस टुटेजा ने प्रशिक्षण दिया।

### पुस्तिका का विमोचन

प्रशिक्षण के दौरान कृषि महाविद्यालय छुईखदान ने औषधीय एवं सुगंधित पौधों के उत्पादन एवं प्रसंस्करण पर प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया। हल्दी, धनिया, चाय एवं जैविक खेती, जैविक खाद, कीटनाशक, धनिया बीज उत्पादन, मसाला एवं सगंधित पौध उत्पादन, प्रसंस्करण, पान, आईसक्रीम के छः फोल्डर्स का भी विमोचन किया गया। पुस्तिका एवं फोल्डर्स किसान को प्रदान किया गया।इस मौके पर प्राध्यापक डॉ. दीपिका देवदास, राजेश्वरी कुर्रे, डॉ. ओमप्रकाश सोनवानी, डॉ. परमेश्वर साहू, डॉ. चेतना बंजारे, डॉ. पंकज भार्गव, डॉ. तामिन, डॉ. अरविन्द नंदनवार, डॉ एसए ढेंगे, भावना, कोमल प्रसाद गांवरे आदि मौजूद थे।

# विक्रमपुर में स्काउट गाइड शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ बीईओ ने किया शुभारंभ

ब्लाक के विक्रमपुर में भारत स्काउट्स व गाइड्स के तीन दिवसीय द्वितीय सोपान शिविर का शुभारंभ बीईओ व पदेन सहायक अधिकारी नीलम सिंह राजपूत ने मां सरस्वती के तैलचित्र पर पुष्प अर्पण, दीप प्रज्वलन बाद झंडा रोहण कर किया।

प्रार्थना बाद झंडे की सलामी ली गई। शिविर में शामिल छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए नीलम सिंह राजपूत ने स्काउट्स व गाइड के महत्व को निरूपित करते हुए कहा कि यह विश्व स्तर की समाजसेवी संस्था है, जो स्कूली छात्र छात्राओं में चरित्र निर्माण, सामूहिक नेतृत्व, जिम्मेदार नागरिक और अनुशासन की भावना विकसित करती है। जीवन कौशल का विकास सीखने का मंच प्रदान करती है। इससे पूर्व जिला सचिव कृष्ण कुमार वर्मा व ब्लाक सचिव सुनील कुमार गुनी ने शिविर गतिविधियों सहित प्रथम द्वितीय सोपान बाद राज्यपाल प्रमाण पत्र को लेकर कौशल परीक्षा आयोजन की जानकारी दी।



### कैम्पिंग का बताया महत्व

भारत स्काउट्स व गाईड छग इकाई के आजीवन सदस्य व्याख्याता डॉ कमलेश्वर सिंह ने शिविरार्थियों को कैपिंग का महत्व, गांठ बांधना, सामुदायिक सेवा व प्रकृति प्रेम की भावना, प्राणियों के प्रति दया करुणा, मिल जुलकर रहने की क्षमता और लचीलापन विकसित करने के अलावा शारीरिक फिटनेस सहित समाज मे सौहार्दपूर्वक रहन सहन के लिए शिविर को बेहतर मंच बताया। बीआरसी सुजीत सिंह चौहान ने कहा कि स्काउटिंग बच्चो मे आपदाओ, संकट काल में लोगों की सहायता करना सिखाता है। शिविर में पूर्व माध्यमिक और हाई स्कूल के 120 छात्र- छात्राएं शामिल है। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अरुंधति सिंह सहित समस्त शिक्षक स्टाफ, स्कूल प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष सदस्य सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## विशेषज्ञ डॉक्टर आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक में दे रहे सेवा

**राजनांदगांव।** मरीजों को अब अपने इलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, क्योंकि अब राजनांदगांव में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक में उपलब्ध होगी। इससे लोगों के समय और पैसे दोनों की बचत होगी एवं वे स्थानीय स्तर पर ही इलाज पा सकेंगे। नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह कल 21 दिसंबर को क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे, जो सिरदर्द, ब्रेन ट्युमर, पैरालाइसिस, दिमाग में खून जमना, नस फटना, दिमाग में चोट, पैरों में जलन, सुन्नपन लगना, रीढ़ की हड्डी में चोट, घुटनों मे दर्द, सर्वाइकल या गर्दन में दर्द, कमर दर्द या साइटिका, मिर्गी या बार-बार दौरे पड़ना, याददाश्त का कम होना या जाना, नसों की कमजोरी, हाथ एवं पैरों में सुन्नपन, झनझनाहट, पार्कीनसन इत्यादि गंभीर रोगों का इलाज करेंगे। आरोग्यम क्लीनिक में किडनी प्रोस्टेट पथरी, मूत्र, कान-नाक-गला, निसंतानता एवं गायनेकोलॉजिस्ट तथा चर्मरोग विशेषज्ञ समय-समय पर अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

# शहीद नारायण सिंह की शहादत को नमन

■ कलश यात्रा निकालकर किया गली भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



ग्राम पंचायत चोरलाडीह के आश्रित ग्राम छिंदारी, डूमरडीह, चोरलाडीह में छत्तीसगढ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। प्रातः कलश यात्रा निकालकर गली भ्रमण किया गया। अतिथियो का पारंपरिक तरीके से पगडी बांधकर और पीले चावल का टीका लगाकार स्वागत किया गया। शहीद नारायण सिंह को माल्यार्पण कर श्रध्दांजलि दिया गया।

इस अवसर पर भुवन नेताम ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि संतराम छेदैया ने अपने संबोधन मे शहीद सेनानी को नमन कर उनकी गौरव गाथा से लोगों को अवगत कराया। तहसील अध्यक्ष जयपाल सिंह सोरी ने दूसरों की संस्कृति अनुसरण करने के बजाए खुद के संस्कृति को मानने, शिक्षा को महत्व देने का आव्हान किया। गोड़वाना स्टूडेंट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष मरावी ने लोगों से संगठित रहने कहा। इस मौके पर संजीव कुमार ध्रुव, रामावतार नेताम, योगेश कोर्राम ने संबोधित किया। अंत में सरपंच कंवल सिंह धुर्वे ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मनोज मंडावी, कुमलाल मंडावी, रामेश्वर नेताम, रंजीत धुर्वे, तिलेश्वर पोर्ते, चंद्रकुमार नेताम, चंद्रेश मंडावी, सतीश मंडावी, लक्की नेताम, किशन मंडावी, डोगेन्द्र धुर्वे, ओमप्रकाश सोरी आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### करमा की प्रस्तुति

इस दौरान जय बुढ़ादेव करमा नृत्य दल कोदवा ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुती दिया।

# पुलिस अधीक्षक ने शहीद परिवार को किया सम्मानित

**खैरागढ़।** सुशासन का एक साल पूरा होने पर जिला पुलिस ने शहीद पुलिसकर्मी के परिवार को सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने शहीद परिवार के सदस्यों को शॉल, श्रीफल भेंट कर उनकी समस्याओं को जाना और निराकरण किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे मदनवाड़ा नक्सली हमले में शहीद आरक्षक निकेश यादव की माता निर्मला बाई यादव और पिता पुरषोत्तम यादव सहित भाई उनि (अ) ओकेश यादव को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया और कहा कि शासन, प्रशासन व पुलिस सदैव उनके साथ है। जिला पुलिस परिवार का मुखिया होने के नाते उनके समस्याओं के निराकरण की जिम्मेदारी स्वयं की है इस स्थिति मे जब भी कोई समस्या आए तो बेहिचक उसे साझा करें जिसका यथाशीघ्र तत्काल निराकरण किया जाएगा। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम, रक्षित निरीक्षक के देव राजू सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।



## पैलीमेटा में किसान सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर लोगों को कल्याणकारी योजना की जानकारी देने के लिए पैलीमेटा में कल शनिवार को विकासखंड स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

सम्मेलन में जनप्रतिनिधि एवं किसान शामिल होंगे। सम्मेलन में किसानों को कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन सहित अन्य विभाग की जानकारी दिया जाएगा। अधिकारियों द्वारा जैविक कृषि के लाभ, बीज, फसल चक्र, पशु पालन आदि की जानकारी दी जाएगी।

# लोक कला महोत्सव में कलकसा दल प्रथम



**खैरागढ़।** विष्णुदेव सरकार गठन के एक साल पूरे होने पर जनादेश परब अंतर्गत अजा अजजा विकास विभाग द्वारा कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव योजना तहत जिला स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता और अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन मिनीमाता भवन दाऊचौरा में किया गया। भव्य शोभा यात्रा निकालने के बाद जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता सहित सद्भावना मैत्रीभोज का आयोजन किया गया। पंथी नृत्य स्पर्धा मे प्रथम सत्य के प्रकाश पंथी नृत्य दल कलकसा, द्वितीय संत शक्ति पंथी नृत्य दल केकराजबोड़ और तृतीय सतनाम सितारा पंथी नृत्य दल दामरी रहे जिन्हें जिला सतनामी समाज अध्यक्ष खुमान देशलहरे सहित अन्य अतिथियों द्वारा शील्ड, प्रशस्ति पत्र सहित नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, राजमहंत्त किशुन दास मिर्चे, जिपं सभापति घम्मन साहू, पार्षद विनय देवांगन, लिमेश्वरी साहू, साहू समाज जिला अध्यक्ष टिलेश्वर साहू, बिशेसर दास साहू, जिलाध्यक्ष संत रविदास समाज संतोष टांडेकर, जिलाध्यक्ष मुस्लिम समाज सज्जाक खान, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग देवेंद्र पटले सहित समस्त सतनामी समाज के राजमंहत, ब्लॉक महंत, सेक्टर महंत और समस्त भंडारी उपस्थित थे।

## ई-कोष मॉड्यूल में तकनीकी संशोधन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि कटौती का ई-कोष मॉड्यूल में आवश्यक तकनीकी संशोधन किया गया है।

ऐसे शासकीय सेवक जिन्होंने पुरानी पेंशन योजना अंतर्गत ओपीएस विकल्प का चयन किया है तथा 1 अप्रैल 2022 के बाद नियुक्ति हुए है, ऐसे शासकीय सेवकों के लिए छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि नियम 11 के अुनसार शासकीय सेवक के मूल वेतन (परिलब्धियों) का न्यूनतम 12 प्रतिशत तथा 12 प्रतिशत से अधिक राशि अपने वेतन से स्वेच्छा से कटवाने का प्रावधान (परिलब्धियों से अधिक नहीं किए जाने संबंधी आवश्यक तकनीकी प्रावधान) ई-कोष सॉफ्टवेयर में किया गया है। इस संबंध में सभी कार्यालय प्रमुख, आहरण-संवितरण अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने कहा गया है।

# विरोध में भाजयुमो ने किया कांग्रेस का पुतला दहन

**राजनांदगांव।** प्रदेश भाजयुमो के आह्वान पर शुक्रवार को शाम पांच बजे स्थानीय महावीर चौक में कांग्रेस पार्टी का पुतला जिला युवा मोर्चा द्वारा जलाया गया। इस दौरान राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जमकर नारे लगे। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश के संसद में गृहमंत्री अमित शाह के बयान को तोड़-मरोड़कर बयान का फर्जी वीडियो बनाकर कांग्रेस ने बाबा साहब अम्बेडकर का अपमान किया है, बल्कि देश की जनता को दिग्भ्रमित करने का कुत्सित प्रयास भी किया है।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि कांग्रेस द्वारा देश के गृहमंत्री अमित शाह के बाबा साहब अंबेडकर एवं संविधान पर दिए गए बयान पर फर्जी वीडियो बनाकर भाजपा की लोकप्रिय छवि को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस के इस गिरे हुए चरित्र व घटिया हरकत को लेकर आज भारतीय जनता युवा मोर्चा ने विरोध स्वरूप कांग्रेस एवं राहुल गांधी का पुतला दहन किया है।

### कार्यकर्ताओं की रही उपस्थिति

मोनू ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने सदन में यह बताया कि कांग्रेस ने संविधान और बाबा साहब के विषय में क्या किया, वो इसका उदाहरण दे रहे थे, लेकिन कांग्रेस के लोगों ने वीडियो से छेड़छाड़ कर के ना सिर्फ बाबा साहब का, बल्कि पूरे देश की जनता का अपमान किया है। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य अशोक देवांगन, मंडल महामंत्री गोलू गुप्ता, मंत्री हेटक भोजनी, पार्षद अरूण साहू, उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, उपाध्यक्ष सज्जन सिंह ठाकुर, वरुण पांडेय, उज्जवल कसेर, ज्ञानेश गुप्ता, अंकित गारेवाल, सुमित आजमानी, आशुतोष सिंह, आशीष जैन, आदित्य पराते, साकेत वैष्णव, नितेश नायक, विजेंद्र आर्या, सुवितेश श्रीवास्तव, आशु कसेर, टाकेश्वर सिंह, अमितेश झानु, मनोज साहू, सौरभ सिंह, पंकज सोनी, मनीष यादव, कुशाल यादव, अंकित देवांगन, अरुण नेताम सहित भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बौद्ध समाज में आक्रोश, कार्रवाई के लिए राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** महाराष्ट्र के परभणी में बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा के समीप रखे संविधान की प्रतिकृति को खंडित किए जाने और केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा बाबा साहब को लेकर अशोभनीय टिप्पणी के मामले में बौद्ध समाज द्वारा आज कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है। भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और संविधान के पुस्तक की प्रतिकृति के अपमान को लेकर बौद्ध धर्म अनुयायियों ने आक्रोश व्यक्त करते कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन के माध्यम से बौद्ध महिला सशक्तिकरण संघ द्वारा कहा गया है कि महाराष्ट्र के परभणी में बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष रखे गए संविधान की पुस्तक-प्रतिमा खंडित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। वहीं इस मामले में प्रोटेस्ट कर रहे सोमनाथ सूर्यवंशी की गिरफ्तारी और पुलिस द्वारा उसकी पीट-पीटकर हत्या का आरोप लगाते बौद्ध अनुयायियों ने दोषियों पर कार्रवाई करने और मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा देने के साथ ही मृतक को शहीद घोषित करने की मांग की है।

### गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग

बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष कार्तिक बर्फुले ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर जो टिप्पणी की गई है, उससे समाज के लोगों को आघात पहुंचा है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने जिस संविधान की शपथ लेकर अपना पद ग्रहण किया है। इस संविधान निर्माता का ही वे अपमान कर रहे हैं, जो घोर निंदनीय है। उन्होंने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से गृहमंत्री अमित शाह द्वारा किए गए इस टिप्पणी पर माफी मांगने और उन्हें पद से इस्तीफा देने की मांग भी की गई है। राष्ट्रपति के नाम तोड़फोड़, हत्या सहित अपनी तीन मांगों को लेकर ज्ञापन देने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे बौद्ध अनुयायियों और महिला सशक्तिकरण संघ के कार्यकर्ताओं ने जय भीम के नारे लगाते दोषियों पर कार्रवाई को लेकर अपनी आवाज बुलंद की।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**खैरागढ़ जिला-खैरागढ़ छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**
**// नोटिस //**

1. जलकुंवर बाई पति स्व. गणेश 2. राजेन्द्र वर्मा पिता स्व. गणेश 3. उमेश वर्मा पिता स्व. गणेश 4. कुमारी मानबाई पिता स्व. गणेश 5. हेमा बाई पिता स्व. गणेश 6. हेमीन बाई पिता स्व. गणेश 7. बेना बाई पति स्व. प्रमोद वर्मा 8. ना.बा.दोयल पिता स्व. प्रमोद वर्मा पालक बेना बाई 9. ना.बा. ज्योति पिता स्व. प्रमोद वर्मा पालक बेना बाई 10. सुभम पिता नरेन्द्र 11. शिवम पिता नरेन्द्र 12. प्रभा बाई पिता स्व. झुमुकलाल निवासी क्रमांक 1 से 4 ग्राम पिपरिया तहसील खैरागढ़, क्रमांक 5 ग्राम बाजगुड़ा, तहसील खैरागढ़, क्रमांक 6 ग्राम बुंदेली तहसील छुईखदान, क्रमांक 7.8.9 ग्राम विक्रमपुर तहसील खैरागढ़, क्रमांक 10,11 निवासी ग्राम देवारीभाठ, क्रमांक 12 ग्राम गोपालपुर तहसील छुईखदान।

उपरोक्तानुसार आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीगण भानुप्रताप पिता स्व. अमीलाल एवं अन्य 02 निवासी ग्राम पिपरिया तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़ के द्वारा तहसीलदारै रागढ़ के रा.प्र.क्र. 202106092500109/अ-27/2020-21 में पारित आदेश दिनांक 28.07.2023 से व्यथित होकर इस न्यायालय में अपील पेश किया गया है. जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 30.12.2024 को नियत किया गया है।

अतः आप नियत दिनांक को अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
खैरागढ़

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**खैरागढ़ जिला-खैरागढ़ छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**
**// नोटिस //**

1. जलकुंवर बाई पति स्व. गणेश 2. उमेश वर्मा पिता स्व. गणेश 3. मानबाई पिता स्व. गणेश 4. हेमा बाई पिता स्व. गणेश 5. हेमीन बाई पिता स्व. गणेश 6. बेना बाई पति स्व. प्रमोद वर्मा 7. ना.बा.दोयल पिता स्व. प्रमोद वर्मा पालक बेना बाई 8. ना.बा. ज्योति पिता स्व. प्रमोद वर्मा पालक बेना बाई 9. सुभम पिता नरेन्द्र 10. शिवम पिता नरेन्द्र 11. प्रभा बाई पिता स्व. झुमुकलाल 12. भानुप्रताप पिता स्व. अमीलाल 13. टीकम पिता स्व. अमीलाल 14. रोहित वर्मा पिता स्व. अमीलाल निवासी क्रमांक 1 से 3 ग्राम पिपरिया तहसील खैरागढ़, क्रमांक 4 ग्राम बाजगुड़ा, तहसील खैरागढ़, क्रमांक 5 ग्राम बुंदेली तहसील छुईखदान, क्रमांक 6, 7, 8 ग्राम विक्रमपुर तहसील खैरागढ़, क्रमांक 9,10 निवासी ग्राम देवारीभाठ तहसील खैरागढ़, क्रमांक 11 ग्राम गोपालपुर तहसील छुईखदान, क्रमांक 12,13,14 ग्राम पिपरिया तहसील खैरागढ़।

उपरोक्तानुसार आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीगण रामरतन वर्मा पिता दुवासू वर्मा वगै० के द्वारा तहसीलदार खैरागढ़ के रा.प्र.क्र. 202106092500109/अ-27/2020-21 में पारित आदेश दिनांक 28.07.2023 से व्यथित होकर इस न्यायालय में अपील पेश किया गया है, जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 30.12.2024 को नियत किया गया है। अतः आप नियत दिनांक को अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
खैरागढ़

## सार समाचार

### प्यारेलाल स्कूल में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान

**राजनांदगांव।** छग शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में 17 दिसंबर को ठा. प्यारेलाल सिंह उ.मा.शाला में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान का आयोजन किया गया। 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च परीक्षा का महत्व, महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टॉफ, संचालित कोर्सेस, अधोसंरचना, स्कॉलरशिप, रासेयो, रेड रिबन क्लब, रेडक्रास, क्रीड़ा विभाग की विस्तृत जानकारी दी गई।



हिन्दी विभाग के गुणवंता खरे ने नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पाठ्यक्रम व सेमेस्टर पद्धति से परीक्षा व सर्टिफिकेट, डिग्री तथा ग्रेडिंग सिस्टम से अवगत कराया तथा 12वीं उत्तीर्ण करने के पश्चात कैरियर व अवसरों की जानकारी दिया गया। सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए। उत्तर बताने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन के रूप में पेन प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य भूषण साव, शिक्षकगण व अधिक संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### सहसपुरदल्ली के स्कूली बच्चों को न्योता भोज

**राजनांदगांव।** युवा व्यवसायी राजीव वर्मा ने अपने जन्मदिन पर प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला सहसपुरदल्ली के बच्चों को न्योता भोज कराया। जिसमें बच्चों को जलेबी और बिस्किट दिया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रदीप वर्मा, उपसरपंच धरम नेताम, एसएमसी अध्यक्ष जीवराखन नेताम, नीता छेदावी, संकुल समन्वयक अवधराम वर्मा, संस्था प्रमुख केके जनार्दन, पीएस जितेन्द्र कुमार हिरवानी, शिक्षक विनोद अलमोरे, उपेन्द्र साहू, शबनम खान, मोहम्मद इकबाल खान शामिल थे।



### नुक्कड़ नाटक के जरिये योजनाओं का किया प्रचार

**राजनांदगांव।** मिनीमाता शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक राजनांदगांव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत छात्राओं ने 17 दिसंबर को ग्राम पेंड्री में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार की 1 वर्ष की उपलब्धियों और संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना था।



नुक्कड़ नाटक में मुख्यमंत्री आवास योजना, कृषक उन्नति योजना, अयोध्या धाम श्री रामलला दर्शन योजना, नियद नेल्लानार योजना, दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना और मुख्यमंत्री निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक में श्रद्धा, लोकेश्वरी, प्रभा, टेलिसा, लक्ष्मी, खुशी, तोशिबा, पुष्पांजलि, नंदनी और डिगेश्वरी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एमके चौबे के निर्देशन और सीडीडीएम विभागाध्यक्ष डॉ. मृदुल रत्न चौरसिया एवं नोडल अधिकारी डॉ. सविता चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### खंडेलवाल समाज प्रीमियर लीग का आगाज आज

**राजनांदगांव।** खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के उपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल एवं प्रतीक खंडेलवाल ने बताया कि कल 21 दिसंबर को खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन द्वारा नीरज अरुण खंडेलवाल प्रस्तुत दो दिवसीय खंडेलवाल समाज प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ तुलसी विहार नेहरू नगर जीई रोड में दोपहर 3 बजे से होगा। जिसमें आपस में छह टीमें भिड़ेंगी। टीमों के नाम गौरव नेक्स्ट, शुभ डेंटल क्लीनिक, श्रीराम वॉरियर्स, श्याम कृपा रनर्स, खंडेलवाल रॉयल्स, श्री श्याम योद्धा हैं। प्रथम मैच गौरव नेक्स्ट और श्रीराम वॉरियर्स के बीच होगा।



खंडेलवाल कल्याण संगठन के अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल ने बताया कि केएसपीएल सीजन 2 के टाइटल स्पॉन्सर नीरज अरुण खंडेलवाल, मुख्य अतिथि रायपुर निवासी उद्यमी सागर खंडेलवाल, ट्रॉफी स्पॉन्सर रमेश गौरव फरसोइया, को-स्पॉन्सर नीलेश खंडेलवाल, विनर कैश प्राइज़ पार्टनर स्व. गोपालदास घीया की स्मृति में, रनर कैश प्राइज़ पार्टनर हरिशंकर रमेश कुलवाल, बाउंड्री पार्टनर पराग ऑटो पार्ट्स, विकेट पार्टनर आरके ट्रेडर्स, टॉस पार्टनर श्री बुक्स एंपोरियम, स्पेशल स्पॉन्सर भवानी मेडिकोज, फुड पार्टनर सैंडविच जंक्शन, प्राइड पार्टनर सौरभ खंडेलवाल तथा अशोक कानूनगो रहेंगे। उक्त जानकारी खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के प्रचार-प्रसार प्रभारी निकुंज खंडेलवाल ने दी।

## पुलिस विभाग ने की पहल, तीन दिवसीय आयोजन

# वनांचल में कबड्डी, आत्मसमर्पित नक्सली भी दिखा रहे दम खम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

पुलिस प्रशासन और इस क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति बाहुल्य जिले के आम लोगों के बीच आपसी सामंजस्य खाकी के प्रति विश्वास और देशप्रेम की भावना को जागृत करने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की पुलिस लगातार वृहद तौर पर रचनात्मक कार्यों को अंजाम देने मे जुटी हुई है।

पुलिस कप्तान वाईपी सिंह के नेतृत्व में जिला मुख्यालय मोहला में तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ आईजी दीपक झा, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पूर्व विधायक संजीव शाह, समाजसेवी व भाजपा नेत्री नम्रता सिंह, दिलीप वर्मा, राजेश सिंघी के अतिथ्य में शुभारंभ किया गया। जिसमें जिलेभर के वनवासी क्षेत्र से 168 महिला-पुरूष टीमों के भाग लेने के साथ-साथ आत्मसमर्पित नक्सलियों ने भी कबड्डी के इस दंगल में भाग लिए हैं।

उल्लेखनीय की दोपहर 2.30 बजे से पुलिस विभाग की तरफ से तीन दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का मोहला में शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में जिलेभर के 168 टीमों ने पहले चरण में अपने खेलों का थानावार प्रदर्शन किया। जिसमें जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए महिला 33 तथा पुरूष 33 कुल 66 टीम उक्त कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिए हैं, जो तीन दिनों तक खेल का प्रदर्शन करेंगे। दूर-दराज से आए खिलाड़ियों के लिए रूकने और दोनों वक्त के भोजन सहित चाय-नाश्ता का पुलिस विभाग की तरफ से व्यवस्था की गई है।



### दूरियां खत्म हो रही है

आईजी दीपक झा ने कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान कहा कि एक समय था, जब मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी क्षेत्र से आम लोग दूरियां बनाएं हुए थे। अब परिवेश बदल चुका है। गांव के आम लोग पुलिस की कार्यप्रणाली को देखते पुलिस प्रशासन से सीधे जुड़ रहे हैं। पुलिस विभाग की तरफ से आयोजित तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में आत्मसमर्पित नक्सलियों की टीम भी भाग लिए हुए हैं, जो इस टूर्नामेंट में आम खिलाड़ियों की तरह अपना खेल का प्रदर्शन करेंगे।

### खेल से पहचान बनेगी

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ में खिलाड़ियों को संबोधित करते कहा कि इस आदिवासी वनांचल क्षेत्र के युवा-युवतियों को खुद की पहचान बनाने में खेल प्रतियोगिता उनके जीवन के लिए सार्थक पहल होगा। जिससे पिछड़े क्षेत्र के युवक अपना जौहर दिखाकर अपने मां-बाप, गांव, जिले सहित देश का नाम रोशन कर सकते हैं। प्रशासन उनके इस प्रयास में हरसंभव मदद करेगा।

### इनाम की राशि भी बढ़ी

पुलिस विभाग जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम महिला तथा पुरुष वर्ग के लिए 21 हजार, द्वितीय 15 हजार, तृतीय 11 हजार, चतुर्थ पुरस्कार 51 सौ रुपए निर्धारित किया गया है। जिसमें पूर्व विधायक संजीव शाह की ओर से महिला तथा पुरूष वर्ग की विजेता टीमों को दस-दस हजार रुपए का अपने तरफ से पुरस्कार देने की घोषणा किया गया। खिलाड़ियो ने श्री शाह का आभार व्यक्त किया।

# हॉकी महाकुंभ में आएगी राष्ट्रीय स्तर की 20 टीमें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ हॉकी लीग इस वर्ष एक नई ऊंचाई छूने जा रही है। यह अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता तीन श्रेणियों ओपन महिला वर्ग, मिनी बॉयज और सब-जूनियर वर्ग में खेली जाएगी।

छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर की 20 प्रमुख टीमों के कुल 220 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों में अमरावती महाराष्ट्र, नागपुर महाराष्ट्र, आरके रॉय फाउंडेशन बिहार, खालसा क्लब वेस्ट बंगाल, खेलो इंडिया राजनांदगांव, जिला हॉकी संघ राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर स्पोर्ट्स अकादमी, खेलो इंडिया जांजगीर-चांपा, खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सलेंस ए एवं खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बी बिलासपुर ए एवं बिलासपुर बी, बेमेतरा एवं कवर्धा की टीमें शामिल हैं। विजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। राजनांदगांव के स्थानीय खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल का प्रदर्शन दिखाने चार स्थानीय टीमें बसंतपुर, मिलचाल, मोतीपुर एवं पटरी पार चिखली की टीमों को भी एंट्री दी गई है। इस प्रतियोगिता के संचालन के लिए छत्तीसगढ़ हॉकी द्वारा राष्ट्रीय स्तर के छत्तीसगढ़ हॉकी एवं हॉकी इंडिया के क्वालिफाइड मैच अंपायर एवं अधिकारियों की पोस्टिंग की गई है।

### मिनी एस्ट्रोटर्फ में होगा आयोजन

छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कहा कि इस लीग में देश के विभिन्न राज्यों की प्रतिष्ठित टीमें भाग ले रही है। जिला हॉकी संघ हॉकी के सचिव शिवनारायण धकेता ने बताया की प्रतियोगिता के सभी मैच राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के मिनी एस्ट्रोटर्फ ग्राउंड में खेले जाएंगे। महासचिव डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के अधिकांश स्थानीय टीमों की भागीदारी इस प्रतियोगिता को और खास बनाती है।

### ग्रास रूट खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं कोच मृणाल चौबे ने कहा कि वर्षभर जिन लम्हों का बेसब्री से इंतजार ग्रासरूट स्तर के खिलाड़ी करते हैं, वह आ गया है। राजनांदगांव के कई ऐसे उभरते खिलाड़ी, जिनमें हॉकी खेलने की प्रतिभा है, इस प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे।

# दो कट्टर माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




आठ लाख रुपए के ईनामी 2 माओवादियों ने महाराष्ट्र गढ़चिरौली पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इसमें एक माओवादी पिछले 30 वर्षों से माओवादी संगठन में सक्रिय रूप से शामिल था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार वर्ष 2005 से सरकार द्वारा घोषित आत्मसमर्पण योजना के कारण और हिंसा के जीवन से तंग आकर वरिष्ठ माओवादियों समेत कई कट्टर माओवादियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। साथ ही आत्मसमर्पित माओवादियों के लिए पुलिस बल द्वारा चलाए जाने वाले पुनर्वास योजना के चलते अब तक कुल 680 माओवादियों ने गढ़चिरौली पुलिस बल के सामने आत्मसमर्पण किया है। गढ़चिरौली पुलिस के अनुसार 20 दिसंबर रामसु दुर्गु पोयाम ऊर्फ नरसिंग (एसीएम) 55 वर्ष और रमेश शामु कुंजाम ऊर्फ गोविंद ऊर्फ रोहित (दलम सदस्य) 25 वर्ष इन दो कट्टर माओवादियों ने गढ़चिरौली पुलिस बल और सीआरपीएफ के सामने आत्मसमर्पण किया है। महाराष्ट्र सरकार ने रामसु दुर्गु पोयाम ऊर्फ नरसिंग पर कुल 6 लाख रुपए एवं रमेश शामु कुंजाम ऊर्फ गोविंद ऊर्फ रोहित पर कुल 2 लाख रुपए का ईनाम घोषित किया था।



**राजनांदगांव।** क्रिसमस पर्व के उपलक्ष्य में शहर में भव्य क्रिसमस रैली निकाली गई। जिसमें प्रभु यीशु की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

# राहुल गांधी पर एफआईआर मामले में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संसद परिसर में धक्का-मुक्की के मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ किए गए एफआईआर के विरोध में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसियों ने शहर में रैली निकाली और इस मामले में झूठी एफआईआर दर्ज करने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय गृहमंत्री के बयान से ध्यान भटकाए जाने की बात कही।

संसद परिसर में भाजपा सांसदों के साथ राहुल गांधी द्वारा कथित धक्का-मुक्की के मामले को लेकर उन पर दर्ज किए गए एफआईआर के खिलाफ कांग्रेसियों ने कड़ा आक्रोश जताते हुए शहर में रैली निकाली।

इस रैली के माध्यम से कांग्रेसजनों ने गृहमंत्री और भारतीय जनता पार्टी को आडे हाथों लिया है। कांग्रेस ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के मामले में किए गए अशोभनीय टिप्पणी से ध्यान भटकने के लिए भाजपा इस तरह के हथकंडे अपना रही है और अपने सांसदों के माध्यम से झूठी रिपोर्ट दर्ज करवा रही है।



### एफआईआर वापस लेने की मांग

कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शन के माध्यम से राहुल गांधी पर की गई एफआईआर को वापस लेने की मांग की गई। वहीं शहर में कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली गई। जिसमें सैकड़ों कांग्रेसी शामिल हुए। इस दौरान केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त किया गया। कांग्रेस की इस रैली में पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्रीकिशन खंडेलवाल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, प्रज्ञा गुप्ता, अमित चंद्रवंशी, सिद्धार्थ डोंगरे, महेश साहू, चंद्रकला देवांगन, जीतू शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने कहा कि लोकसभा में जो घटना हुई है, उसमें राहुल गांधी के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिसके खिलाफ यह विरोध प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर आयोजित किया गया है।

# किसान सम्मेलन सह किसान मेला आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- कृषि उपज मंडी में होगा आयोजन, जुटेंगे किसान

राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर में जनादेश परब पर कृषि विभाग द्वारा जिले के विकासखंड मुख्यालयों में कल 21 दिसम्बर को एक दिवसीय किसान सम्मेलन सह कृषि मेला का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत नया कृषि उपज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में सुबह 10 बजे से किसान सम्मेलन सह कृषि मेला का आयोजन होगा।

इसी तरह विकासखंड स्तर पर सामुदायिक भवन जनपद पंचायत छुरिया, कृषि उपज मंडी डोंगरगढ़ एवं कृषि उपज मंडी डोंगरगांव के प्रांगण में एक दिवसीय किसान सम्मेलन सह कृषि किसान मेला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन, मत्स्य पालन विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

साथ ही समवर्गी पशुधन विभाग, उद्यानिकी, मत्स्य, सहकारिता, बैंकर्स, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं वैज्ञानिकों के तकनीकी व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। स्टॉल व प्रदर्शनी के माध्यम से कृषकों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में कृषकों एवं नागरिकों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।







## नवनिर्मित गायत्री मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

# शहर में निकाली भव्य कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के प्रसिद्ध गायत्री मंदिर के नवनिर्माण पश्चात चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन मंदिर परिसर में किया जा रहा है। प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन के अवसर पर आज शहर में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।

शहर के पोस्ट ऑफिस चौक स्थित गायत्री मंदिर का लगभग 4 वर्ष बाद निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। नवनिर्माण पश्चात मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के तहत आज भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें 351 महिलाएं और विद्यार्थी कलश लेकर चल रही थी।



### शोभायात्रा में आदिवासी नृत्य

गायत्री परिवार द्वारा मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान निकाली गई शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान संस्कृति की झलक भी दिखाई दी। शोभायात्रा में कलाकारों द्वारा आदिवासी नृत्य, अखाड़ा का प्रदर्शन किया गया।

### 22 को महाप्रसादी

गायत्री मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के आयोजन को लेकर गायत्री परिवार के ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या ने बताया कि गायत्री मंदिर का नवनिर्माण कराया गया है। इसके बाद अब 5 दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 19 दिसंबर को 24 घंटे का अखंड जाप किया गया। जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु आकर शामिल हुए। वहीं 20 दिसंबर को शोभायात्रा निकल गई और 21 दिसंबर की सुबह 7 बजे प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन होगा। इसके बाद 24 कुंडीय यज्ञ की शुरूआत की जाएगी। वहीं 22 दिसंबर को यज्ञ की पूर्ण होती के साथ भंडारा महाप्रसाद का आयोजन संपन्न होगा।






## खबर संक्षेप

### राम्हेपुर कला मे सुशासन दिवस व गुरु घासीदास जयंती मनाई गई



**हरिभूमि बरबसपुर।** बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में सुशासन दिवस एवं बाबा गुरु घासीदास जयंती पर सामान्य ज्ञान, परीक्षा एवं चित्र कला का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रा रेशमी एवं मीरा बाचकर द्वारा सुन्दर एक वर्ष पूरा होने पर खुशहाल छत्तीसगढ़ पर चित्र बनाया गया वहीं बाबा गुरु घासीदास जयंती पर सामान्य ज्ञान परीक्षा में दिव्या, राजा अरमान, मनीषा घृतलहरे, नीलम भारती ने अच्छे अंक प्राप्त किए। वहीं विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए विद्यालय परिवार की ओर से प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य एमआर कोमरे, राजकुमार साहू, नीलम वर्मा, सुनीता कौशिक एवं छत्रपाल कश्यप तथ छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### अभाविप का 57 वां प्रांत अधिवेशन का पोस्टर विमोचन किया



**हरिभूमि कवर्धा।** अभाविप छत्तीसगढ़ प्रांत का 57 वां प्रांत अधिवेशन आचार्य विद्यासागर नगर राजनांदगांव में 03 से 05 जनवरी तक सम्पन्न होने जा रहा है। जिसकी तैयारियां जोर-शोर से राजनांदगांव विभाग के कार्यकर्ता कर रहे हैं। अभाविप के तीन दिवसीय प्रांत अधिवेशन में राष्ट्रीय स्तर के अनेक प्रतिनिधि गण उपस्थित रहेंगे। शिक्षा जगत के विषय पर गहन चिंतन मनन होंगा। जिनके द्वारा आगामी संगठन की दशा और दिशा के विषय पर छात्र प्रतिनिधियों से गहन चिंतन करेंगे। अभाविप के प्रांतिय अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से 1 हजार की अधिक संख्या में छात्र प्रतिनिधि सम्मिलित होने जा रहा है। जिसका शुक्रवार को आचार्य पंथ श्री गृंथ मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में पोस्टर विमोचन किया गया।

# विधायक भावना ने पीईटी मशीन खरीदी में अनियमितता का उठाया मुद्दा

■ रीपा के तहत औद्योगिक पार्क स्थापना एवं पीएम ग्राम सड़क योजना सहित स्वास्थ्य सेवा के विषय में पूछा प्रश्न।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



विधानसभा सत्र के तीसरे दिन पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी पीईटी स्कैन मशीन खरीदी में हुए अनियमितता को लेकर प्रश्न किया। साथ ही साथ उन्होंने जिले में रीपा के तहत कितना औद्योगिक पार्को की स्थापना की जानी है? वेंटिलेटर और ऑक्सीजन जनरेशन मशीन की खरीदी तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पंडरिया विधानसभा में सड़कों के निर्माण के संबंध में प्रश्न किया। विधायक ने कहा कि पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी पीईटी स्कैन मशीन स्वास्थ्य सेवाओं में एक अत्यंत ही आवश्यक मशीन है, जिसके माध्यम से प्रदेश के गरीब मरीजों में कैंसर जैसी घातक बीमारी का पता लगाने में बहुत ही जरुरी है, जिससे उनका सही समय पर ईलाज होने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।

उन्होंने प्रश्न करते हुए पूछा कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर द्वारा किस वर्ष में पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी पीईटी स्कैन मशीन क्रय की गई थी? इसके खरीदी हेतू निर्धारित नियमानुसार प्रशासकीय स्वीकृति शासन से ली गई थी या नहीं? क्या शासन या विभाग ने पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी पीईटी स्कैन मशीन की क्रय प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितता की जांच किसी गठित समिति द्वारा कराई गई है? यदि हां तो जांच में परिणाम स्वरूप अनियमितता पाई गई या नहीं? जांच रिपोर्ट की अद्यतन स्थिति वर्तमान में क्या है और इसके आधार पर अभी तक क्या-क्या कार्यवाही की गई है? जिसके प्रति उत्तर में लोक स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर द्वारा वर्ष 2018 में पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी पीईटी मशीन का क्रय किया गया था एवं इसकी खरीदी हेतु नियमानुसार प्रशासकीय स्वीकृत नहीं ली गई थी।

पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी पीईटी मशीन की क्रय प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितता की जांच शासन के द्वारा 06 सदस्यीय समिति निर्मित की गई थी, जांच में परिणाम स्वरूप पीईटी मशीन की क्रय के संबंध में अनियमितता पाई गई जिसके आधार पर छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पीईटी सीटी के क्रय में किए गए भ्रष्टाचार के संबंध में संचालक चिकित्सा शिक्षा को प्रकरण में तत्काल एफआईआर दर्ज कराने हेतु निर्देशित किया गया। डॉ विवेक चौधरी के द्वारा उपरोक्त आदेश के विरूद्ध उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई, जिसमें न्यायालय के आदेश अनुसार छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा के निर्देश को स्थगित किया गया। यह प्रकरण आज दिनांक तक उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। श्रीमती बोहरा ने कबीरधाम जिला अंतर्गत रीपा के तहत औद्योगिक पार्क की स्वीकृति के संबंध में प्रश्न पूछते हुए जानकारी मांगी की कबीरधाम जिले में किन-किन स्थानों में औद्योगिक पार्क की स्थापना हेतु स्वीकृति मिली है और शासन द्वारा कुल कितनी राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है? औद्योगिक पार्क में स्थापित उत्पादन इकाईयो में कौन-कौन से उत्पाद का निर्माण किया जा रहा है? इन उत्पादों के निर्माण एवं संचालन की जिम्मेदारी कौन-कौन से स्व सहायता समूह को दी गई है? अब तक कुल कितने मात्रा में उत्पाद निर्मित किए गए एवं बेचे गई हैं? इसके साथ ही उन्होंने कुशल प्रशिक्षक, कर्मचारियों के वेतन तथा उपकरण खरीदी एवं उपलब्धता के विषय में भी प्रश्न किया। जिसके उत्तर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जवाब देते हुए बताया कि जिले के 4 विकासखण्डों कवर्धा, बोड़ला, सहसपुर लोहरा एवं पंडरिया में (प्रति विकासखंड में दो) कुल 8 औद्योगिक पार्क की स्थापना हेतु स्वीकृति मिली है तथा प्रति औद्योगिक पार्क हेतु 2 करोड़ यानी कुल 16 करोड़ रुपए की शासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि कवर्धा विकासखंड में ग्राम मजगांव एवं दशरंगपुर, बोड़ला विकासखंड में ग्राम सिल्हाटी एवं दलदली, सहसपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम रणवीरपुर एवं पेंड्रीतराई (सुरजपुरा) में औद्योगिक पार्क की स्थापना की जानी है जहां सभी उपकरण उपलब्ध हैं एवं कार्यरत कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जा रहा है और महिला स्व सहायता समूहों को रोजगार उपलब्ध कराने एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य इसका सञ्चालन हो रहा है। साथ ही इस पार्क में सेनेटरी नैपकिन, पेपर कप, आचार-पापड़, गोबर पेंट, नमकीन प्रोडक्ट, मसाला उत्पादन, दोना पत्तल जैसे विभिन्न प्रकार के खाद्य एवं दैनिक उपयोग की चीजों का निर्माण स्वसहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है।

### सड़क के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर विभाग क्या कदम उठाए गए हैं? श्रीमती बोहरा

विधायक श्रीमती बोहरा ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों के निर्माण को लेकर प्रश्न किया कि 1 जनवरी से 30 नवंबर 2024 तक पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कितनी सड़कों के निर्माण हेतु स्वीकृति दी गई है? कितनी सड़कें प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृति हेतु लंबित हैं एवं लंबित सड़कों की स्वीकृति कब तक प्रदान की जाएगी? निर्माण कार्य हेतु कितनी राशि स्वीकृत हुई हैं, गुणवत्ता की जांच की गई है या नहीं और क्षेत्रवासियों द्वारा सड़क के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर विभाग द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं? उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि 01 जनवरी से 30 नवंबर 2024 तक पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम-जनमन) के तहत 26 सड़कों के निर्माण हेतु स्वीकृति दी गई है तथा समस्त सड़कों की स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत मरम्मत कार्य हेतु विधानसभावार कार्यवार राशि प्राप्त नहीं होती बजट में एकमुश्त राशि प्रावधान किया जाता है। जिन सड़कों में मरम्मत कार्य कराया गया है, उन सड़कों में भुगतान की राशि का विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्यो के संबंध में क्षेत्रवासियों से कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

## समस्या : छात्र छात्राओं को नहीं मिल पा रही मूलभूत सुविधाएं

# वर्षों से नवनिर्माण स्कूल भवन अधूरा, छात्र-छात्राएं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम सारंगपुर खुर्द में वर्षो से नवनिर्मित स्कूल भवन में ताला लटके हुए है। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार नए स्कूल भवन निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई थी, वहीं नव निर्मित स्कूल भवन की लागत लगभग 10 लाख रूपए से अधिक राशि स्वीकृत प्रदान की गई थी, ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा नवनिर्माण स्कूल भवन का कार्य कराया जा रहा है, लेकिन वर्तमान में नव निर्मित स्कूल भवन आधा-अधूरा व ताला लटका हुआ है वहीं स्कूल भवन की प्लास्टर तथा रंग रंगन नहीं होने के कारण स्कूली छात्र छात्राओं को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्रामवासियों द्वारा शिक्षा विभाग व जिलादण्डाधिकारी से कई बार शिकवा शिकायत व गुहार लगा लगाकर थक चुके थे, इसके बाद वर्षो स्कूल नव निर्मित स्कूल भवन का कार्य पूरा नही होने से स्कूली छात्र छात्राएं मजबूरन झोपड़ी में शिक्षा ग्रहण करने मजबूर है। वहीं ग्राम सारंगपुर खुर्द के विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधा के अभाव में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### क्षेत्र के विद्यार्थियों को उठानी पड़ रही है भारी परेशानियां



ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सारंगपुर खुर्द के स्कूल भवन अत्यंत जर्जर व बदहाल होने के कारण ग्राम में नव निर्मित स्कूल भवन निर्माण कार्य करवाया जा रहा है, लेकिन विभागीय अधिकारियो व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी का खामियाजा स्कूली छात्र छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्र के स्कूली विद्यार्थियो को पॉलिथीन नुमा झोपड़ी तैयार कर पढ़ाई-लिखाई करने मजबूर है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा ग्राम सारंगपुर खुर्द पहुंचकर बैठक लिया गया था व नव निर्मित स्कूल भवन की सौंगात तथा स्कूली छात्र छात्राओं को राहत दिलाने वर्षो पहले ग्रामीणों की मांग पर नव निर्मित स्कूल भवन निर्माण कार्य किया जा रहा था लेकिन विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों तथा जनप्रतिनिधियों की अनदेखी व लापरवाही से वर्षो से स्कूल भवन आधा अधूरा तथा स्कूली बच्चों को बुनियादी सुविधा नहीं मिल पा रही है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन को इस ध्यान देने तथा आधा अधूरा स्कूल भवन निर्माण कार्य को पूर्ण कराने की मांग की गई। जिससे स्कूली विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में लाभ मिल सके।

# सोमनापुर हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने देखी विधानसभा सत्र की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

स्थानीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के पहल पर विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सोमनापुर नया के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों ने गुरुवार को छत्तीसगढ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तृतीय दिवस सदन की द्वितीय पाली की मौके पर सीधी कार्यवाही देखी। विधायक द्वारा सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रवेश पत्र देकर विधानसभा ले गए। दर्शक दीर्घा में पहुंचकर 25 छात्र छात्राओं, शिक्षकों एवं शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष, सदस्य ने सदन की कार्यवाही देखी।



मिली जानकारी के अनुसार पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए यह पहला मौका था, कि सभी ने छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ के सभी मंत्रियों विधायकों को देखा तथा देखकर काफी उत्साहित हुए। विधायक ने कहा कि इससे छात्र छात्राओं को विधानमंडल के बारे में बहुत कुछ सीखने व महसूस करके समझने का अवसर मिलेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने बच्चो के साथ फोटो ली तथा छात्र छात्राओं के साथ संवाद किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि आप सभी होनहार विद्यार्थियो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपनी योग्यता और प्रतिभा के बल पर न केवल अपने परिवार व समाज बल्कि पूरे प्रदेश व राष्ट्र का सम्मान करेंगे। अंत में छत्तीसगढ़ उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम व तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह के साथ सामूहिक फोटो खिंचवाया। इस दौरान शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष शिव पटेल, प्राचार्य संतोष साहू, व्याख्याता योगेश गुरुदिवान, महेन्द्र कंठले, शकुन पाटले, ज्योति ध्रुव एवं अंजोरदास सहित कुमार पटेल व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार 02 कुकदूर, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. .............................. ब121/ वर्ष-2024-25

आवेदक रामसिंह धुर्वे पिता सोनराज धुर्वे जाति गोड़ निवासी बांगर तहसील कुकदूर जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम बांगर प.ह.नं. 04 को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामसिंह धुर्वे पिता सोनराज ध्रर्वे जाति गोड़ निवासी ग्राम बांगर तहसील कुकदूर जिला कबीरधाम के द्वारा तहसीलदार कुकदूर के समक्ष इस आशय का आवेदन का प्रस्तुत किया गया है कि मेरे मां लीलावती पति समेलाल का मृत्यु 10-06-1995 को ग्राम बांगर में हुआ है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जावें।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 26/12/2024 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 12/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक - 12.12.2024
पेशी तिथि - 26.12.2024

मुहर

नायब तहसीलदार
कुकदूर

# कंझेटा में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन

■ कथा सुनने उमड़ी रहीं भक्तों की भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम कंझेटा में 17 से 25 दिसम्बर तक नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन भगवान श्री नंदकिशोर राधा रानी एवं कुलदेवी-देवता एवं पूर्वजों की असीम कृपा से स्व. गजानन साहू के पुण्य स्मृति में श्रीमद् भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास आचार्य मेघानंद शास्त्री व परायणकर्ता दीपक शुक्ला द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का श्रद्धालुओं को कथा रसपान कराया जा रहा है। जिसमें मुख्य यजमान श्रीमती लता रोहित साहू विराजमान है। वहीं नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण में ग्राम कंझेटा सहित आसपास क्षेत्र के समस्त ग्रामवासी अधिक से अधिक जनसंख्या में उपस्थित होकर कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है। वहीं क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।



### पीजी कॉलेज में मनाया गया सुशासन महोत्सव

**हरिभूमि कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृंथ मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में छत्तीसगढ़ वर्तमान सरकार गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने की अवसर पर सुशासन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा ने किया। उन्होंने उद्बोधन में सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी साथ ही साथ 11 से 14 दिसम्बर तक चले इस सुशासन महोत्सव आयोजन के लिए उन्होंने महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी तथा रेड रिबन क्लब को शुभकामनाएं प्रेषित की। सुशासन महोत्सव में प्रतिदिन अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता दिया। जिसके अंतर्गत नारा लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई वहीं महाविद्यालय से जिला मुख्यालय कबीरधाम तक शासन की जनहितकारी योजनाओं का नारा लगाते हुए विशाल रैली निकाली गई। जिसमें एनसीसी की छात्राओं अदिति एवं समूह द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महतारी वंदन योजना, बालिका शिक्षा हेतु सरकार की अनेक योजनाओं, किसानों के हित चल रही योजनाओं आदि के बारे में जानकारी दी गई। सुशासन पर संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि दौलतराम कश्यप अध्यक्ष आस्था एनजीओ उपस्थित रहें उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का हेतु जागरुक होकर अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु जानकारी दी एवं शासन के कार्य में सहयोग की अपेक्षा हेतु अपने विचार व्यक्त की गई।

**आवश्कता है**
★ सेल्समैन - 05
★ हेड मेकैनिक - 02
★ computer operator - 02
JAY AUTOMOBILES KAWARDHA
Raipur Road(Kubota Tractor)
8602838759

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## सरदार पटेल मैदान में 14 से 22 जनवरी तक कथा आयोजित की जाएगी

# शिवमहापुराण व पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ का भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर की सुख, समृद्धि व मंगल कामना के लिए आयोजित होने वाले पांच कुंडीय रुद्र महायज्ञ व श्री शिवमहापुराण कथा का भूमि पूजन शुक्रवार को विधिवत संपन्न हुआ। यह महायज्ञ माघ कृष्ण पक्ष की एकम से अष्टमी तक यानी 14 से 22 जनवरी 2025 तक शहर के सरदार पटेल मैदान में आयोजित होगा। भूमि पूजन का आयोजन दंडी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मायनाद सरस्वती महाराज के सानिध्य में किया गया। आचार्य पं रवि शास्त्री द्वारा पूजन की विधि से संपन्न कराई गई। इस शुभ अवसर पर धर्मालंकार डॉ पवन मिश्रा, साहू समाज जिलाध्यक्ष पतिराम साहू, ब्राह्मण समाज जिलाध्यक्ष बंटी तिवारी, नपा सभापति उमंग पांडेय, विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष नंदलाल चंद्राकर, भाजपा जिला मंत्री मनोज कुमार ठाकुर, सह मंत्री सुखचैन चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष विष्णु ठाकुर, पालक प्रताप चंद्रवंशी, विष्णु पांडेय, शीतल साहू, डॉ गोवर्धन सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश शर्मा, आनंद उपाध्याय, रामकृपेश्वर उपाध्याय, हरिप्रसाद शुक्ला, मधु तिवारी, अजीत चंद्रवंशी, सुषमा चंद्रवंशी, नीतू शर्मा, अनुपम गुप्ता, नीरा यादव सहित सैकड़ो श्रद्धालु विशेष रूप से उपस्थित थें। इस आयोजन को लेकर कवर्धा में उत्साह का माहौल है। श्री शिवमहापुराण कथा और महायज्ञ में पूरे शहर के सनातनी नागरिक सहभागिता करेंगे। आयोजन समिति का कहना है कि यह आयोजन कवर्धा की समृद्धि, शांति और आध्यात्मिक उत्थान का प्रतीक बनेगा। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने शिव महापुराण के महत्व और महायज्ञ की दिव्यता पर चर्चा की। समिति के अनुसार, महायज्ञ का आयोजन अत्यंत भव्य और वृहद स्तर पर होगा, जिसमें आस्था, भक्ति और धार्मिक ऊर्जा का अद्भुत समागम देखने को मिलेगा।

### शहरवासियों व सनातनियों में उत्साह का माहौल

इस आयोजन का उद्देश्य न केवल धर्म और आस्था को प्रबल करना है, बल्कि शहरवासियों के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि लाना है। आयोजन समिति ने सभी नागरिकों से इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने की अपील की है, ताकि अधिक से अधिक लोग भगवान शिव की कृपा का अनुभव कर सकें। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतिदिन श्री शिवमहापुराण कथा के माध्यम से भगवान शिव की लीलाओं और शिक्षाओं का वर्णन किया जाएगा। महायज्ञ का समापन 22 जनवरी को हवन और पूर्णाहुति के साथ होगा। कवर्धा के इस ऐतिहासिक आयोजन में श्रद्धालुओं की विशाल उपस्थिति और सामूहिक प्रार्थना निश्चित रूप से शहर के भविष्य को नई दिशा देगी।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पैरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**भूमिपूजन:** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से मिली 51 लाख रूपए की स्वीकृति

# ग्राम बेंदरची में मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से कबीरधाम जिले के युवाओं के सपने साकार हो रहे है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से आज ग्राम बेंदरची में 51 लाख रुपए की लागत से मिनी स्टेडियम का भूमिपूजन किया गया। यह मिनी स्टेडियम क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देगा और युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं प्रदान करेगा। इस स्टेडियम के निर्माण से युवाओं को खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मौका मिलेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, नितेश अग्रवाल,कैलाश चंद्रवंशी, ईश्वरी साहू सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि और खिलाड़ी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कबीरधाम जिले के युवाओं के लिए एक नई उम्मीद की किरण जगी है। उनके अथक प्रयासों से आज ग्राम बेंदरची में 51 लाख रुपये की लागत से मिनी स्टेडियम का भूमिपूजन हुआ। यह मिनी स्टेडियम न केवल क्षेत्र में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि युवाओं को बेहतर खेल सुविधाओं के साथ अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का अवसर भी प्रदान करेगा। इस परियोजना के निर्माण से खिलाड़ी अपनी क्षमताओं को साबित कर सकेंगे और उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल कौशल को प्रदर्शित करने के बेहतर अवसर मिलेंगे। इस कदम से जिले के खेल माहौल में एक नई ऊर्जा का संचार होगा और भविष्य में कई उभरते हुए खिलाड़ियों का मार्ग प्रशस्त होगा।

## कन्या माध्यमिक शाला चिल्फी में बनेगी 8 लाख की लागत से अतिरिक्त कक्ष



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के सुदूर वनांचल क्षेत्रों और मैदानी इलाकों में लगातार विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण सिलसिला जारी है। प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशों पर शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कवर्धा विधानसभा के वनांचल क्षेत्र ग्राम चिल्फी में कन्या माध्यमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लिए भूमि पूजन का आयोजन किया गया। इस कक्ष के निर्माण पर 8 लाख 7 हजार रूपए की लागत की जाएगी। क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस भूमि पूजन समारोह में शामिल होकर इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की। कन्या माध्यमिक शाला चिल्फी का अतिरिक्त कक्ष वनांचल क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कक्ष के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। विशेषकर लड़कियों के लिए शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनेगा, जिससे वे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। इस कक्ष के निर्माण से केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में यह कदम क्षेत्र के विकास की दिशा में एक अहम मील का पत्थर साबित होगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस पहल को सराहा और कहा कि वनांचल क्षेत्र के शिक्षा की धारा को एक नया मोड़ देगी, जिससे न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियां भी लाभान्वित होंगी। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के द्वारा उठाए गए इस कदम से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।



# 8 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

कुण्डा पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उससे 8 किलो 100 ग्राम गांजा जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 सितम्बर को रात्रि लगभग 01.00 बजे कुण्डा पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली की एक व्यक्ति चादर ओढ़कर ग्राम रापा से कुण्डा की ओर गांजा लेकर जा रहा है। इस सूचना पर कुण्डा पुलिस और जिला साइबर सेल की संयुक्त टीम ने ग्राम पेंड्रीकला में कान्हा किराना दुकान के पास घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। जिसमें उसके पास मौजूद बोरी की तलाशी के दौरान पुलिस ने 8 किलो 100 ग्राम गांजा कीमत 80,000 रूपए और एक विवो मोबाइल फोन कीमत 7,000 रूपए को जप्त किया है। जब्त सामान की कुल कीमत 87,000 है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जितेंद्र चंद्रवंशी पिता आजू राम चंद्रवंशी आयु 32 वर्ष, निवासी भरेली थाना पांडातराई, जिला कबीरधाम के रूप में की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर थाना कुण्डा में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। न्यायालय में पेशी के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक आशीष कंसारी साइबर सेल, उपनिरीक्षक विनोद खंडे थाना कुण्डा, प्रधान आरक्षक संतोष वर्मा, आरक्षक विकास श्रीवास्तव, जयंत पटेल और जोगी सिडार ने सराहनीय भूमिका निभाई है।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**कवर्धा।** सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एक स्वास्थ्य जाच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 21 दिसंबर शनिवार को सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक सियान कलेक्ट्रेट परिसर, सियान जत्तन में आयोजित होगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों का स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, कय रोग, कुष्ठ रोग, दृष्टि दोष समेत आंख से जुड़ी अन्य समस्याओं की जांच की जाएगी। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श और आवश्यक चिकित्सा सलाह दी जाएगी।

### पोलमी में वन मितान जागृति कार्यक्रम सम्पन्न

**कुइ।** पोलमी हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र- छात्राओं को समीपस्थ वनों का भ्रमण कराया गया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जैवविविधता, पेड़-पौधों, वनस्पतियों व वानिकी कार्यों, जीव जंतुओं, पशु-पक्षियों की पहचान और मानव हाथी द्वंद पर विस्तृत जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। पश्चात सभा का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सुमीर पुशाम, उप वन मंडलाधिकारी पंडरिया सुयश धर दिवान, पल्लवी गंगबेर वन परिक्षेत्र पंडरिया पश्चिम वन प्रबंध समिति अध्यक्ष धनीराम करायत आदि ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आशाराम शिव का संतोष नेताम परिक्षेत्र सहायक द्वारा किया गया। इस अवसर पर वन विभाग के स्टाफ मनोज कुमार, विनोद कुनार भास्कर, जितेंद्र चंद्राकर, बोनिफास इक्का, रामसिंह दीक्षित, विष्णु ध्रुव उपस्थित हुए।

# मछली पालन को बढ़ावा देने विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

## मात्स्कीय महाविद्यालय में आयोजित किया गया कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मत्स्यिकीय महाविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक का उपयोग कर मछली पालन को बढावा देने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 19 दिसम्बर को दाऊ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग के अंतर्गत संचालित स्व. पुनाराम निषाद मत्स्यिकीय महाविद्यालय, कवर्धा में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक का उपयोग कर मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी के लिए अलग-अलग प्रकार के मॉडल तैयार किए गए थे। जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर आधारित मछलियों की निगरानी करना, स्मार्ट तरीके से मछली पालन करना, मछलियों में होने वाली बिमारियों का रोकथाम एवं नए-नए तकनीकों का उपयोग कर मछली पालन करना शामिल था। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य मछली पालन में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग करते हुए सौर ऊर्जा स्मार्ट फिश फार्मिंग, प्रबंधन एवं मछलीयों के उत्पादन को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसएल अली, महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक और अतिथि शिक्षक गण एवं समस्त छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। यह कार्यक्रम विस्तार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बी नाईटिंगल देवी के सानिध्य में आयोजित किया गया।

## टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि कलेक्टर से मिले

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में कलेक्टर गोपाल वर्मा से मुलाकात कर नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय आम निर्वाचन 2024-25 के लिए मतदान दल के ड्यूटी व प्रशिक्षण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा किया। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि स्कूलों में 22 से 29 दिसम्बर तक शीतकालीन अवकाश घोषित है। इस दौरान शिक्षकगण सामान्यतः परिवार के साथ भ्रमण व यात्रा में जाते हैं। अतः शीतकालीन अवकाश में चुनाव प्रशिक्षण न रखा जावे। पंचायत चुनाव में मतदान पश्चात मतदान केंद्र में ही मतगणना करने के समय पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में कई मतदान दल के अधिकारियों को विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। अतः त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन का मतगणना कार्य ब्लॉक मुख्यालय में किया जावे। दिव्यांग, गंभीर बिमारी से पीड़ित, साठ साल से अधिक उम्र के शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों तथा गर्भवती महिला व तीन साल से कम उम्र के बच्चे वाले महिला शिक्षकों व कर्मचारियों को निर्वाचन कार्य से मुक्त रखा जावे। कलेक्टर ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनने के बाद आश्वस्त किया कि शीतकालीन अवकाश में प्रशिक्षण नहीं लिया जावेगा। साथ ही दिव्यांग, गंभीर बिमारी, साठ साल से अधिक उम्र तथा गर्भवती व छोटे बच्चे वाले महिलाओं को निर्वाचन से मुक्त रखा जाएगा। ब्लॉक मुख्यालय में गणना वर्तमान निर्वाचन नियमों में नहीं होना बताया। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, देवानंद चन्द्रवंशी, राजेश तिवारी, लक्ष्मण मिरी, उमेश चन्द्रवंशी, भूपेंद्र जाटवर, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, दिलीप धुर्वे, राजकिरण चन्द्रवंशी, चिन्ताराम पटेल, नरेंद्र चंद्रोल, पन्ना लोधी, रामसिंह साहू, राजेन्द्र निर्मलकर, नकुल वर्मा आदि उपस्थित थे।

# नेवारी में धूमधाम से मनी बाबा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭बिजई



बाबा गुरु घासीदास की जयंती ग्राम नेवारी में गत दिनो धूमधाम से मनाई गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुंभकरण गोंड ने बताया कि गुरु घासीदास बाबा की जयंती प्रतिवर्ष ग्राम नेवारी धूमधाम से मनाई जाती है।

इस वर्ष जयंती के दिन सतनामी पारा स्थित गुरुद्वारा से सभी सतनाम पंथी झंडा पूजन पश्चात सतनाम शोभा यात्रा निकालकर गुरु बाबा के जयघोष करते डीजे के साथ ग्राम भ्रमण किया गया। सतनाम शोभा यात्रा का समापन संध्या समय बाबा जी के गुरुद्वारा में हुआ। तत्पश्चात झंडा चढ़ाया गया। पंथी नृत्य की धुन में थिरकते बाबा का महिमा का गान करते भक्त भक्ति में झूमते नजर आए। कार्यक्रम में उपस्थित जनपद सदस्य मीनाक्षी आसकरण धुर्वे ने बाबा के वचनो को मानव समाज के लिए सर्वोतम बताते हुए उन पर अमल करने की बात कही। उन्होंने पंचायत परिवार सहित प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा जी के जयंती के अवसर पर गुरुद्वारा पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। जयंती के अवसर पर श्रीमती मीनाक्षी आसकरण धुर्वे जनपद सदस्य, नंदराम पाटिल सरपंच, शत्रुघन मिरज उप सरपंच, पंच गण नरेश धुर्वे, सेवा पात्रे, मोहन पटेल कमल डहरिया, शिवकुमार पाटिल, समाज प्रमुख नोहरी पटेल, जागेश्वर पटेल, शत्रुघ्न दास मानिकपुरी, गंगा प्रसाद महिले, बिहारी काटले, बैकुंठी माहिले, सौखी दास माहीले, तातू पात्रे, विकास महिले, रोशन माहिले, पुष्पराज सिंह कुर्रे, माधो दास गोप, अशोक कुर्रे, विजय कुर्रे, पृथ्वीराज बघेल, धन्नू घृतलहरे, बासवान पात्रे, द्वारिका कुर्रे, श्याम कुर्रे, इतवारी, कौशल सहित बड़ी संख्या में सतनाम पंथी मातृ शक्तियां, युवा साथी एवं ग्राम के वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# पंडरिया विधायक भावना 22 को महतारी वंदन योजना कार्यक्रम में करेंगी शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा



सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय महतारी योजना अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन 22 दिसम्बर को ग्राम कुण्डा में किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा मुख्य रूप से उपस्थित होकर महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं का सम्मान एवं संवाद करेंगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की विष्णुदेव सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है। योजना की पात्र महिलाओं को एक हजार रूपए प्रतिमाह के मान से सलाना 12 हजार रूपए की राशि उपलब्ध कराई जा रही है।

इसी योजना के तारतम्य में महिला एवं बाल विकास विभाग कबीरधाम द्वारा हाई स्कूल परिसर कुण्डा में 22 दिसम्बर 2024 को महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों का सम्मान और संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पंडरिया विधायक भावना शिरकत करेंगी एवं लाभार्थियों का सम्मान एवं संवाद करेंगी।

## सात दिवसीय रासेया शिविर का समापन



**बिजई।** शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मेरा युवा भारत थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन राम्हेपुर खुर्द में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार राजपूत व्याख्याता, सुश्री राधिका मंडावी व्याख्याता के मार्गदर्शन में शिविर में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के छठवें दिन पूर्व रासेया स्वयं सेवक जगमोहन जायसवाल तथा पिंकेश जो वर्तमान में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी रायपुर में इंजीनियरिंग के स्टूडेंट है जिन्होंने उच्च शिक्षा कैसे प्राप्त करें और इसकी तैयारी के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। वहीं शिविर के अंतिम दिन ग्राम सरपंच कोमल सिंह चंद्रवंशी, सालिक राम, सुरेश चंद्रवंशी, मनोज साहू, ओंकार धुर्वे, प्राचार्य कुमार सिंह साहू, प्रधान पाठक सौखी लाल माहिले, भारती सिंह मरकाम व्याख्याता उपस्थित में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात पूर्व माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को रासेयो द्वारा नेवता भोज कराया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्कूल के विद्यार्थियों के साथ ही स्वयं सेवक तथा शिक्षक उपस्थित थे।

**जिले के वनांचल ग्रामों में शिखर युवा मंच ने आयोजित किया कार्यक्रम**

# वन अधिकार समिति को वन अधिकार कानून 2006 की दी गई जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

समरस्ता भवन, तरेगांव में शिखर युवा मंच द्वारा वन अधिकार कानून 2006 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वन अधिकार कानून के तहत व्यक्तिगत अधिकार, सामुदायिक अधिकार और सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के विषय में प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान करना और उनकी क्षमता विकसित करना था।

प्रशिक्षण का संचालन विशेषज्ञ प्रशिक्षक संतोष साकत एवं विष्णु मेरावी ने किया। इस दौरान उन्होंने वन अधिकार कानून के विभिन्न पहलुओं को सरल और प्रभावी तरीके से समझाया। प्रतिभागियों को कानून की तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी दी गई, जिससे वे अपने अधिकारों को बेहतर तरीके से समझ सकें और उसका उपयोग कर सकें। कार्यक्रम में वन अधिकार समिति के अध्यक्ष और सदस्य, वन विभाग के कर्मचारी तथा आसपास के 12 गांवों छुही, भरतपुर, कुकरापानी, कोटनापानी, धुमाछापर, लीलादादर, लरबक्की, दुर्जनपुर, तरेगांव, मुड़घुसरी और लब्दा के प्रतिनिधि शामिल हुए। कुल 31 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया, जिसमें 08 महिलाएं और 23 पुरुष शामिल थे।

प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने न केवल कानून के प्रावधानों को समझा, बल्कि सामुदायिक स्तर पर उनके प्रभावी कार्यान्वयन के उपायों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में ममता धुर्वे, राजकुमार और राजेंद्र कुंजाम ने विशेष सहयोग प्रदान किया। यह कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर वन संसाधनों के प्रबंधन और उनके अधिकारों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों ने अपनी समस्याओं और सवालों पर चर्चा की, और प्रशिक्षकों ने उनके समाधान के लिए सुझाव दिए। शिखर युवा मंच का यह प्रयास वन अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ाने और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# पॉलीटेक्निक संगोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




राज्य सरकार द्वारा एक वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय पॉलीटेक्निक कबीरधाम के सेमिनार हॉल में सुशासन और शासन व्यवस्था पर केंद्रित संगोष्ठी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को राज्य सरकार के सुशासन प्रयासों और विकास कार्यों से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत संयोजक अविनाश कुमार सिंह, व्याख्याता, कंप्यूटर साइंस द्वारा प्रस्तावना उद्बोधन से हुई। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों, सुशासन पहलू और आगामी चुनौतियों पर अपने विचार रखे। इस दौरान विद्यार्थियों ने राज्य सरकार की विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए, साथ ही सुशासन व्यवस्था पर भी चर्चा की। प्रतियोगिता में 35 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलीकम्युनिकेशन और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग ब्रांच के छात्र-छात्राएं शामिल थे। प्रश्नोत्तरी सत्र में विद्यार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं और उनके उद्देश्यों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस प्रतियोगिता में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के पंचम सेमेस्टर के छात्र नीलकंठ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में संस्थान के अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों और सुशासन व्यवस्था के महत्व को समझने का अवसर मिला।